भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 332 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 17 दिसम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं ★ क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

मेट्रो मैन श्रीधरन ने भाजपा छोड़ राजनीति से लिया संन्यास

तिरुवंतपुरम। मेट्रो मैन ई श्रीधरन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में हार ने उन्हें समझदार बना दिया है। 90 साल के श्रीधरन ने ये जानकारी गुरुवार को मलप्पुरम जिले के अपने पैतृक शहर पोन्नानी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी। हालांकि सक्रिय राजनीति से उनके संन्यास की घोषणा से भाजपा की राज्य इकाई नाखुश है। गुरुवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए मेट्रो मैन ई श्रीधरन ने कहा, विधानसभा चुनाव में हार ने मुझे समझदार बना दिया। जब मैं हार गया तो इसने मुझे दुखी किया, लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि अगर मैं जीत भी जाता तो कुछ नहीं किया जा सकता था। मैं कभी राजनेता नहीं था, मैं कुछ समय के लिए नौकरशाही राजनेता बना रहा। उन्होंने कहा कि राजनीति में उनका प्रवेश देर से हुआ और इससे बाहर निकलने में भी इतनी देर नहीं हुई। श्रीधरन ने कहा, मैं अब 90 वर्ष का हूं और एक नौजवान की तरह इधर-उधर नहीं भाग सकता। मैं तीन अलग-अलग ट्रस्टों से जुड़ा हूं और अब मैं अपना बाकी समय उनके साथ बिताऊंगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह हार के पछतावे के साथ राजनीति मैदान छोड़ रहे हैं, उन्होंने कहा कि जब वह मार्च 2021 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए तो पार्टी के लिए पर्याप्त संभावनाएं थीं लेकिन अब स्थिति अलग है। उन्होंने कहा, पार्टी को राज्य में पैर जमाने के लिए काफी कुछ करना होगा। चुनावी हार के बाद मैंने पार्टी अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया था। मैं अभी उन चीजों पर चर्चा नहीं करना चाहता। विधानसभा चुनाव में मेट्रो मैन ई श्रीधरन भाजपा के लिए सीएम कैंडिटेंट के तौर पर उतरे थे। लेकिन भाजपा ने नेमोम में अकेली सीट भी गंवा दी थी। ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व ने श्रीधरन से हार की रिपोर्ट मांगी थी। श्रीधरन पलक्कड़ सीट में विधानसभा चुनाव हार गए थे। त्रिकोणीय मुकाबले में वह मौजूदा कांग्रेस विधायक शफी परमभील से 3000 से अधिक मतों से हार गए।

यूपी में पीएम नरेंद्र मोदी ने संभाली चुनाव की कमान

10 दिन में 4 बार करेंगे दौरा, गंगा एक्सप्रेसवे का भी करेंगे शिलान्यास

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के चुनावी समर में भाजपा के प्रचार की कमान पीएम नरेंद्र मोदी खुद अपने हाथों में लेते दिख रहे हैं। बीते 8 सप्ताह में 6 बार पूर्वांचल का दौरा करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी अब अगले 10 दिनों में एक बार फिर से 4 बार यूपी पहुंचने वाले हैं। शनिवार 18 दिसंबर को शाहजहांपुर में वह गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे और फिर 21 तारीख को प्रयागराज में उनकी मौजूदगी रहेगी। यही नहीं एक बार फिर से अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में वह 23 दिसंबर को रहेंगे। कहा जा रहा है कि यहां वह मेयरों के एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। फिर 28 दिसंबर को कानपुर में भी उनकी एक रैली भाजपा ने रखी है।

इस तरह से महज 10 दिनों के अंदर 4 बार पीएम नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश आएंगे। बीते दो महीनों में पीएम नरेंद्र मोदी ने यूपी के अपने दौरे तेज कर दिए हैं। खासतौर पर पूर्वी यूपी पर पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा का फोकस काफी ज्यादा रहा है। यहां बीते 8 सप्ताह में नरेंद्र मोदी 6 बार आ चुके हैं और कई परियोजनाओं की सौगात दे चुके हैं। ऐसे में अगले 10 दिनों में 4 और राउंड ईस्ट यूपी के लगाना इस बात का संकेत है कि भाजपा की चुनावी रणनीति क्या है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा को किसान आंदोलन के बाद से पश्चिम यूपी में जाट बिरादरी की नाराजगी का डर अब भी सता रहा है। ऐसे में किसी भी तरह के नुकसान की भरपाई के लिए भाजपा अवध, पूर्वी यूपी और बुंदेलखंड पर फोकस कर रही है। इसी के तहत महोबा, सुल्तानपुर, गोरखपुर, काशी समेत समूचे ईस्ट यूपी और बुंदेलखंड पर भाजपा का पूरा फोकस है। यही नहीं ब्रज क्षेत्र पर भी पार्टी फोकस कर रही है, जहां जाट मतदाताओं की पश्चिम यूपी के जितनी तादाद नहीं है। इसके अलावा भाजपा की रणनीति इस बार सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार की भी है। यही वजह है कि एक तरफ काशी में पीएम नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई तो सभी अगले दिन रामलला के दर्शन करने भी गए। एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी समेत दिग्गज नेताओं के पूर्वी यूपी में दौरे हो रहे हैं तो वहीं परियोजनाओं के जरिए भी इस क्षेत्र को साधने की कोशिश की जा रही है।

भारत में जल्द 21 साल होगी लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र

नई दिल्ली। सरकार बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में एक संशोधन पेश करेगी और इसके परिणामस्वरूप विशेष विवाह अधिनियम और हिंदू विवाह अधिनियम 1955 जैसे कानूनों में संशोधन करेगी.बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. भारतीय मीडिया में बताया जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में इसपर फैसला लिया गया है. सरकार वर्तमान कानून में संशोधन कर कानूनी उम्र को बढ़ाएगी. पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर न्यूनतम उम्र बढ़ाने का जिक्र किया था. फिलहाल देश में लड़कों की शादी की कानूनी उम्र 21 साल है. लंबे समय से देश में लड़कियों की शादी की उम्र को बढ़ाने की मांग होती रही है. इसको लेकर नीति आयोग में जया जेटली की अध्यक्षता में बने टास्क फोर्स ने इसकी सिफारिश की थी. वी के पॉल भी इस टास्क फोर्स के सदस्य थे टास्क फोर्स का गठन पिछले

साल जून में किया गया था और इसने अपनी रिपोर्ट दिसंबर 2020 में दी थी. टास्क फोर्स का गठन मातृत्व की आयु से संबंधित मामलों, मातृ मृत्यु दर को कम करने की अनिवार्यता, पोषण स्तर में सुधार और संबंधित मुद्दों में सुधार के लिए किया गया था. टास्क फोर्स ने यह भी सिफारिश की कि महिलाओं की कानूनी शादी की उम्र बढ़ाने के निर्णय की सामाजिक स्वीकृति को प्रोत्साहित करने के लिए एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए. साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थानों के मौजूद होने की स्थिति में परिवहन सुविधाओं की व्यवस्था समेत लड़कियों के लिए स्कूलों और विश्वविद्यालयों तक पहुंच आसान करने की भी मांग की. टास्क फोर्स का कहना है कि पहले बच्चे को जन्म देते समय लड़कियों की उम्र 21 साल होनी चाहिए. शादी में देरी का परिवारों, महिलाओं, बच्चों और समाज के आर्थिक, सामाजिक और सेहत पर सकारात्मक असर पड़ता है. यूनिसेफ के मुताबिक भारत में हर साल 15 लाख के करीब लड़कियों की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में होती है।

सीएम योगी की बड़ी घोषणा

गरीब महिलाओं को इलाज के लिए पांच लाख रुपये अतिरिक्त देगी यूपी सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा में घोषणाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली असाध्य रोग से पीड़ित महिलाओं के इलाज के लिए पांच लाख रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा की है। उन्होंने यह पैसा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में पांच लाख दिए जाने के अलावा दिया जाएगा। इस हिसाब से कुल ऐसी महिलाएं 10 लाख रुपये तक इलाज करा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कुष्ट रोगियों के पेंशन में भी 500 रुपये की बढ़ोत्तरी करने का एलान किया। उन्हें 2500 की जगह 3000 रुपये दिया जाएगा। इसके आलावा मिड डे मिल रसोइया, शिक्षामित्र, अनुदेशक, चौकीदार

आदि का भी मानदेय मानदेय बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा, कांग्रेस और बसपा की सरकारों ने प्रदेश 31 चीनी मिलें बंद करा दीं। उनकी सरकार इसे खुलवा रही है। इसके अतिरिक्त बुढ़वल (बाराबंकी), अलीगढ़, मोरना, गजरौला, छाता चीनी मिलों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। जहां गन्ना की उपलब्धता कम होगी, उनमें एथनाल उत्पादन के लिए संयत्र भी लगाएं जाएंगे। देवीपाटन और गोरखपुर मंडल के सुल्तानपुर में नई चीनी मिल खोलने की भी घोषणा की है। इन सभी मिलों पर करीब 5000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

तबलीगी जमात और निजामुद्दीन मरकज पर लगाए जाए प्रतिबंधः विहिप

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने तबलीगी जमात व उसके निजामुद्दीन मरकज को इस्लामिक कट्टरपंथ की फैक्ट्री और वैश्विक आतंकवाद का पोषक बताते हुए इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। विहिप की ओर से गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बयान दिया कि तबलीगी जमात के कृत्य विश्व के लिए गम्भीर खतरा है। विश्व हिंदू परिषद ने सऊदी सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का स्वागत करते हुए कहा कि लोगों का जीवन संकट में डालने वाले तबलीगी जमात के आर्थिक श्रोतों का पता लगाकर उसके बेंक खातों, कार्यालयों व कार्यकलापों

पर भारत सहित सम्पूर्ण विश्व समुदाय द्वारा अविलम्ब प्रतिबंध लगाया जाए।

विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि यह इस्लामिक कट्टरवादी संगठन रूस समेत विश्व के अनेक देशों में पहले से ही प्रतिबंधित है। इसके बावजूद सऊदी सरकार के इस निर्णय के स्वागत की जगह कुछ भारतीय अल्पसंख्यक संस्थाओं द्वारा विरोध किए जाने से आतंक-पोषण में उनकी भूमिका स्पष्ट होती है। वास्तव में दारुल उलूम देवबंद ही तो उसका जन्मदाता है। उन्होंने कहा कि 1926 में निजामुद्दीन से प्रारंभ तबलीग, हरियाणा के मेवात में धर्मांतरण की सफलता से उत्साहित होकर आज विश्व के 100 से अधिक देशों में करोड़ों लोगों को अपनी मानसिकता से संक्रमित कर उनका जीवन संकट में डाल चुकी है। विहिप कार्याध्यक्ष ने कहा, देश के अनेक मस्जिदों , मदरसों व जिहादियों की बस्तियों में बरामद गोले-बारूद व पकड़े गए आतंकी कहीं ना कहीं इसी मानसिकता के थे। विश्व के अधिकांश आतंकी संगठनों को प्रारंभ करने वाले भी तबलीग से जुड़े रहे हैं। अमेरिकी ट्रेड सेंटर के हत्यारों से लेकर गोधरा में 59 लोगों को जिंदा जलाने तथा स्वामी श्रद्धानंद की हत्या करने वाला युवक का उर्स मनाने वालों के मरकज से सम्बन्ध जग-जाहिर हैं।

2022 में मिलकर चुनाव लड़ेंगे अखिलेश और चाचा शिवपाल, सपा-प्रसपा में हुआ गठबंधन

लखनऊ। यूपी चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को चाचा शिवपाल से अखिलेश यादव ने मुलाकात की। करीब डेढ़ घंटे तक बंद कमरे में हुई बातचीत के दौराना दोनों पार्टियों ने गठबंधन पर सहमति जताई। सपा और प्रसपा के बीच गठबंधन तय होने की जानकारी अखिलेश यादव ने फेसबुक और ट्वीटर पर पोस्ट डालकर दी। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा, प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से मुलाकात हुई और गठबंधन की बात तय हुई। क्षेत्रीय दलों को साथ लेने की नीति सपा को निरंतर मजबूत कर रही है और सपा और अन्य सहयोगियों को ऐतिहासिक जीत की ओर ले जा रही है। आपको बता दें कि गुरुवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने चाचा और

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात करने पहुंचे थे। सूत्रों के अनुसार अखिलेश दोपहर बाद लखनऊ स्थित शिवपाल के आवास पर मिलने के लिये पहुंचे। दोनों के बीच बंद कमरे में मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। प्रसपा के एक नेता ने बताया कि अखिलेश के साथ सपा का कोई नेता साथ नहीं है। समझा जाता है कि अखिलेश और शिवपाल ने अर्से बाद हुई इस मुलाकात में एक दूसरे के प्रति गिले शिकवे दूर करने अलावा आगामी चुनाव में सीटों के बंटवारे पर भी विचार विमर्श किया।

यूपी विधानसभा के पिछले चुनाव के समय से ही अखिलेश और शिवपाल के रिश्तों में आई तल्खी का दौर जारी था। हालांकि शिवपाल ने आगामी विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होने पर पांच साल पुरानी तल्खी को दूर करने की शुरूआती पहल करते हुए अखिलेश से गठबंधन कर चुनाव लड़ने की पेशकश की थी। उन्होंने सपा में प्रसपा के विलय का विकल्प भी खुला रखते हुये कहा था कि अखिलेश को ही आगे की रणनीति के लिये कोई पहल करनी होगी। पिछले कुछ समय से अखिलेश भी शिवपाल की पहल पर सकारात्मक टिप्पणी करते हुये समय आने पर उनसे बात करने की बात कह रहे थे। गौरतलब है कि 2017 में विधानसभा से पहले अखिलेश द्वारा सपा से बाहर का रास्ता दिखाने के बाद शिवपाल ने प्रसपा का गठन कर चुनाव लड़ा था। इसका सीधा असर सपा के परांपरागत वोटबैंक में बंटवारे के रूप में पड़ा था।

गोवा विधानसभा चुनाव 2022: कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव 2022 के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी की गई सूची में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत को मडगांव विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। दिगंबर कामत फिलहाल इसी सीट से विधायक भी हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से गुरुवार रात कुल आठ उम्मीदवारों की एक सूची जारी की गई है। पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं एलेक्सियो लॉरेंको को करटोरिम विधानसभा क्षेत्र और सुधीर कानोलकर को मापुसा विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। कांग्रेस राज्य में गोवा फॉरवर्ड पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी। राज्य की 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होना है।

देश के लिए 32 गोलियां झेलने वाली इंदिरा गांधी का नाम नहीं, सच से डरती है सरकार : राहुल गांधी

देहरादून। 1971 के युद्ध में भारत की जीत को याद करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार इंदिरा को क्रेडिट नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सच से डरती है, इसलिए विजय दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उनका नाम नहीं लिया गया। इससे पहले नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी आरोप लगाया कि कुछ लोग इंदिरा गांधी को भुलाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, बांग्लादेश युद्ध को लेकर आज दिल्ली में एक आयोजन हुआ। इसमें इंदिरा गांधी के नाम का जिक्र नहीं किया गया। जिस महिला ने देश के लिए 32 गोलियां झेलीं, उनका नाम आमंत्रण में नहीं था, क्योंकि यह सरकार सच्चाई से डरती है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके ही अंकरक्षकों ने कर दी थी।

इससे पहले कांग्रेस नेता

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, कुछ लोग इंदिरा गांधी के काम को भुलाने की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोग आज के दिन को याद करते हैं। जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा तक लोकतंत्र की मदद के लिए योगदान करते आए हैं, लेकिन कुछ लोग 1971 के योगदान को भुलाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने 50वें विजय दिवस के अवसर पर गुरुवार को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कुशल नेतृत्व को याद किया। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 1971 के युद्ध के शहीदों और योद्धाओं को याद करता हूं। भारत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के कुशल नेतृत्व में लोकतंत्र के विचार को बचाने के युद्ध में विजय हासिल की थी। जय हिंद। कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से कहा, बहादुर भारतीय सेना शांति और समृद्धि की योद्धा है।

खबर संक्षेप

रैली निकालकर छात्राओं ने किया जागरूक

प्रयागराज। स्वीप के तहत हिंदू महिला विद्यालय की छात्राओं ने बुधवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाली। विद्यालय परिसर से छात्राएं हनुमान मंदिर, मेडिकल कॉलेज चौराहे तक गईं। 'युवा शक्ति के तीन हैं काम, शिक्षा, सेवा और मतदान', 'भारत देश महान है, करते सब मतदान हैं', 'करे जो अपने राष्ट्र का उत्थान, हम करें उसी को मतदान' और 'प्रजातंत्र से नाता है, हम भारत के मतदाता हैं' जैसे नारे लिखे पोस्टर के साथ सड़कों पर निकली छात्राओं ने आम लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक मतदान करें। इस दौरान विद्यालय परिसर में पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी अनुपम परिहार, डॉ. एकता शुक्ला, डॉ. राकेश कुमार पांडेय, डॉ. शेष नाथ सिंह, डॉ. पीके घोष, जिला मास्टर ट्रेनर श्रद्धा सिन्हा, प्रधानाचार्य कंचन राय आदि रहीं।

बैंकों का निजीकरण लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान : बेलाल अहमद

निजीकरण के विरोध में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल

बैंकों के निजी करण को लेकर प्रदर्शन और दो दिवसीय हड़ताल का दृश्य

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रस्तावित निजीकरण विधेयक के विरोध में बैंकिंग क्षेत्र के सभी 9 संघठनों ने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (वऋइव) द्वारा राष्ट्रव्यापी दो दिवसीय हड़ताल के आह्वान पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आज बैंक ऑफ बड़ौदा, सिविल लाइंस स्थित मुख्य शाखा पर एकत्रित हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी संगठन (अक्ष्डइडअ) के प्रयागराज क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव बेलाल अहमद जाफरी द्वारा किया गया। श्री अहमद ने सरकार के इस कदम की कठोर निंदा करते हुए इसके ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर व्यापक असर पड़ने की आशंका व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकारी बैंको का निजीकरण करके सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान कर रही है और अपने कुछ पूँजीपति दोस्तों की जेब भर रही है। निजीकरण देश के गरीब एवं मध्यमवर्गीय लोगों के साथ छलावा है। अहमद ने कहा कि यह लड़ाई सीधे तौर पर सरकारी दोस्त बनाम सरकारी कर्मचारी है। और हमें इस आंदोलन में देश के विभिन्न हिस्सों से किसान और मजदूर संगठनों का समर्थन मिल रहा है। यदि, सरकार निजीकरण का प्रस्ताव वापिस नही करेगी तो हम अपना प्रदर्शन और आक्रामक करेंगे तथा अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

अमरनाथ यादव रेल मंत्रालय भारत सरकार में वित्त विभाग के निदेशक मनोनीत

प्रतापपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष फूलपुर निवासी अमरनाथ यादव को रेल मंत्रालय भारत सरकार वित्त विभाग का निदेशक मनोनीत किया गया।उनके इस मनोनयन पर उनके समर्थकों एवं फूलपुर क्षेत्र के लोगो मे हर्ष व्याप्त है।अमरनाथ यादव फूलपुर नगर के तीन बार अध्यक्ष, प्रयागराज के जिलाध्यक्ष वर्तमान, काशी क्षेत्र के महामंत्री वर्तमान में काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष के अलावा संगठन में विभिन्न दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके है।इसके साथ ही संगठन में संघर्ष की उनकी लंबी कहानी है।इस मनोनयन पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, जिला उपाध्यक्ष गंगापार श्यामबिहारी पांडेय, पंडित विजय शर्मा, करन सिंह, शारदा पाठक, अनिल मौर्या, दिलीप यादव, अनिरुद्ध पटेल, राय साहब, प्रियांशू यादव, सूर्या यादव, राजसोनी, रुद्र प्रताप सिंह, मनोज पाठक, आशुतोष त्रिपाठी, राजा मौर्या, अखिलेश यादव, संतोष सोनी, इसरार अहमद, सत्या जायसवाल सहित तमाम लोगो ने बधाई दिया।

गाय पालें और खेत में करें गोबर का प्रयोग

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विकास खण्ड शंकरगढ़ परिसर में किसान गोष्ठी में शामिल लोग तथा प्रधानमंत्री के नेशनल कांक्लेव आन नेचुरल फार्मिंग के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते लोग

अखंड भारत संदेश

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शंकरगढ़ में गोष्ठी का आयोजन, प्रधानमंत्री के नेचुरल फार्मिंग विषयक कार्यक्रम का किया गया सीधा प्रसारण

शंकरगढ़। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत गुरुवार को विकास खंड शंकरगढ़ परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री के नेशनल कांक्लेव आन नेचुरल फार्मिंग के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से कम से कम एक देशी गाय पालने, खेतों में गोबर की खाद का प्रयोग करने, पराली नहीं जलाने और खेती में तकनीक का प्रयोग पर जोर दिया। उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में राज्यपाल देवव्रत ने प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। कहा कि देशी गाय के गोबर, मलमूत्र से बीजामृत, धनामृत, जीवामृत बनाकर उसका खेती में इस्तेमाल करें। रसायन का इस्तेमाल कम से कम करें। स्थानीय स्तर पर किसानों को बताया गया सभी किसान भाई खेती किसानी में रसायन पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करें और आर्गेनिक खेती की तरफ बढ़ें। गाय का पालन करें। कंपोस्ट का इस्तेमाल करें। खेती से पहले मिट्टी की जांच और नमी की जांच जरूर करें। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिकों की सलाह भी ली जा सकती है, ताकि खेती मुनाफे का सौदा साबित हो। प्रधानमंत्री के उक्त कार्यक्रम में किसानों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने, आय बढ़ाने के तरीके भी सुझाए गए। इस मौके पर राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी तुलाराम यादव, वरिष्ठ सहायक सौरभ तिवारी, मुकेश सिंह, अनुराग सिंह, अनिल कुमार, चंद्रशेखर, महिला स्वयं सहायता समूह से अल्पना तिवारी, शिवकली देवी, नीलम देवी, सुधा देवी, राजकुमार सिंह, अवध नारायण सिंह, राजाराम सिंह, विपिन सिंह, शैलेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, देशराज सिंह, देवराज सिंह, रामसेवक सिंह, गौरीशंकर सिंह, प्रधान परमेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में जन समस्याओं का अंबार मौका मिला तो करुंगा जीर्णोद्धार : सज्जन कुमार शुक्ल

प्रतापपुर। समाजसेवी एवं शिक्षक सज्जन कुमार शुक्ल ने कहा है कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र का दर्द अच्छी तरह समझता हूँ क्योंकि दर्द अपने परिवार का बेटा भाई ही समझ सकता है। कोई बाहरी नहीं समझेगा बाहरी आते हैं चुनाव जीत कर चले जाते हैं उनको मूलभूत जनसमस्याओं से कोई मतलब नहीं।मै प्रतापपुर का निवासी हूँ इसलिए क्षेत्र के विषय में भली भांति परिचित हूँ समर्थकों एवं शुभचिन्तको की सलाह पर चुनाव लड़ने का निर्णय लूंगा क्योंकि हमारा विधानसभा क्षेत्र हर मामले में उपेक्षित है।जनता योग्य एवं शिक्षित एवं स्थानीय उम्मीदवार चाहती है जो कि क्षेत्र का विकास कर सके प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं का अंबार है मौका मिला तो हर समस्याओं का जीर्णोद्धार करूँगा।

न्यूज झरोखा

जंघई बाजार में टूटी सड़क पर बह रहा दूषित पानी, आवागमन बाधित

जंघई। क्षेत्र की सबसे बड़ी एवं पुरानी बाजार जंघई में पुरानी पोस्ट आफिस वाली गली में सड़क गड्ढे में परिवर्तित हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने विधायक, सांसद को सड़क निर्माण हेतु बार बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन किसी ने सड़क की मरम्मत हेतु ध्यान नही दिया। लोगों के घरों से निकलने वाला पानी गड्ढे में एकत्रित हो रहा है जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है।दूषित पानी के कारण तमाम बीमारी फैलने की आशंका है बाजार के निवासियों की मांग है कि सड़क की मरम्मत हो और जल निकासी के लिए नाली का निर्माण हो ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

चौकी इंचार्ज को व्यपार मण्डल ने किया सम्मानित

सिरसा। मेजा क्षेत्र के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को सिरसा चौकी इंचार्ज को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बता दें कि बीते दिनों व्यापार मंडल संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व मे जिले के कप्तान सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के हाथों मेजारोड के व्यापारियों ने व मेजा के पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया था। इसी क्रम मे बृहस्पतिवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, महामंत्री ओ0 पी0 पाण्डेय व नमामि गंगे के संयोजक डॉ0 अमरेश तिवारी ने मेजा थाना के सिरसा पुलिस चौकी प्रभारी हरिश्चन्द्र शर्मा को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं चौकी प्रभारी ने सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सिरसा पुलिस चौकी के सिपाही और व्यापार मण्डल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, महामंत्री ओ0 पी0 पाण्डेय, डॉ0अमरेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्यामराज यादव और भाजपा कार्यकर्ता सहित दर्जनों पदाधिकारी और सम्मानित लोग मौजूद रहे।

उग्रसेनपुर में मतदाता जागरूकता का संकल्प लिया गया

प्रतापपुर। क्षेत्र के उग्रसेनपुर में स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज में नगर क्षेत्र के सहायक नोडल अधिकारी(स्वीप)अनुपम परिहार,एकता शुक्ला तथा गंगापार क्षेत्र के सहायक नोडल अधिकारी(स्वीप)राकेश पांडेय प्रतापपुर विधानसभा के मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र प्रसाद यादव कॉलेज के प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को विद्यालय के शिक्षको तथा बच्चो ने मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी ने बच्चो से कहा कि आप सभी को अपने आस-पडोस और घर के सदस्यों को आगामी विधानसभा चुनाव में सभी को मतदान के लिए प्रेरित करना है।मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र मजबूत होगा।

नगर पंचायत शंकरगढ़ में साप्ताहिक बंदी शनिवार को

शंकरगढ़। नगर पंचायत शंकरगढ़ में साप्ताहिक बंदी शनिवार को रहेगी।शंकरगढ़ व्यापार मंडल की मासिक बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्व में निर्धारित शनिवार की बंदी को ही अनवरत किया जाय।आज राम वाटिका में हुई बैठक में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से साप्ताहिक बंदी के फैसले को प्रभावी तरीके से लागू करने पर सहमति जताई, दिनांक 16 दिसंबर से कस्बे में इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता,जय केसरवानी,रतन केसरवानी,रितेश कुमार,अरविंद केसरवानी,डॉ प्रेमचन्द, अनुज गुप्ता,राजेश कुमार,राजकुमार केसरवानी,मनोज कुमार,दीपक समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

विकास खण्ड सभागार में जीरो बजट प्रकृतिक कार्यक्रम का लोगों ने देखा सजीव प्रसारदण

जसरा। विकास खंड जसरा के सभागार में सजीव प्रसारण प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आनंद गुजरात से जीरो बजट प्रकृतिक का शुभारंभ पूरे भारतवर्ष में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवब्रत ने जीरो बजट से खेती के बारे में विस्तार से क्रार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुन रहे किसानों को समझाकर लाभान्वित किया। श्री देवब्रत ने कहा कि बिना उर्वरक के खेती करके लाभ कमाने में यह सब बातें आवश्यक हैं। जसरा ब्लॉक सभागार में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों में महिला व पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी जसरा हरिओम गुप्ता, एडीओपी श्यामलाल तिवारी, एडीओ एजी जमालुद्दीन अंसारी, प्रभारी राजकीय बीज भंडार कमाल अहमद,ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर अवनीश मिश्र,मुलायम सिंह, जयवीर सिंह, भरत सिंह गौतम सहित बीडी पाठक,मुन्ना सिंह गहलौत, बृजकिशोर दुबे, अशोक तिवारी, कुलभूषण मिश्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

केनरा बैंक के एटीएम में चोरी, सीसीटीवी में युवक कैद

प्रयागराज। केनरा बैंक के एटीएम में नकाबपोश युवकों ने पेचकस की मदद से 8500 रुपए निकाल लिए हैं। एटीएम की मरम्मत के दौरान चोरी का खुलासा हुआ तो शाखा प्रबंधक ने करेली थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरी करने वाले युवकों के बारे में पता लगा रही है। जीटीबी नगर करेली स्थित केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक बृजेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि 12 दिसंबर की शाम 6:18 बजे नकाबपोश दो युवक एटीएम के अंदर पहुंचे। एक युवक एटीएम के अंदर कार्ड लेकर रुपए निकालने लगा और दूसरा गेट के बाहर खड़ा हो गया। एटीएम में उसने पेचकस और स्केल की मदद से चोरी की। एटीएम के चेस्टबॉक्स तक नहीं पहुंच सका लेकिन रुपये वाले बॉक्स में पेचकस डालकर उसने रुपए निकाल लिए। लगभग आठ मिनट तक एटीएम के अंदर छेड़छाड़ की। इस दौरान स्केल अंदर फस गई और मशीन शटर टूट गया। उसके बाद दोनों युवक चले गया। एटीएम खराब होने की सूचना पर अगले दिन उसकी मरम्मत कराने के लिए कारीगरों को बुलाया गया। छानबीन में पता चला कि एटीएम कैश बॉक्स के अंदर स्केल टूटी हुई थी। मशीन खोलने पर उसके अंदर स्केल भी मिली। इसके बाद बैंक अफसरों ने सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की तो चोरी करने वाले दोनों युवक नजर आए। उनकी उम्र 20 से 25 साल बताई जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

किसान ने केंद्र प्रभारी पर लगाया मारपीट का आरोप

अखंड भारत संदेश

जारी। बारा क्षेत्र के तेलघना गाँव मे धान क्रय केंद्र पर किसानों ने मारपीट व धान खरीददारी में केन्द्र प्रभारी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा । किसान श्री पति सिंह पुत्र देवराज सिंह निवासी तेलघना ने बताया कि तेलघना स्थित धान क्रय केंद्र में केन्द्र प्रभारी हजारी सिंह ने एक दिसंबर को टोकन के माध्यम से पचास कुंतल धान खरीदा और कहा कि शेष धान नौ दिसंबर को तौली जाएगी , जब नौ दिसंबर को ट्रैक्टर से तौल के लिए धान ले गया तो केंद्र प्रभारी सौ रुपए प्रति कुंतल का कमिसन मांगने लगे जब किसान ने कमिसन देने से मना किया तो कहा गया कि धन नही तौली जाएगी । किसान ने आप बीती बताते हुए बताया कि केन्द्र प्रभारी ने गाली गलौझ करते हुए धक्का मारकर केंद्र से भगा दिया । केन्द्र प्रभारी से बर्ताव से आहत बुजुर्ग किसान ने उपजिलाधिकारी बारा से उक्त प्रकरण की शिकायत की है । इसी कड़ी में अन्य किसान अखिलेश मिश्रा , संदीप , भैया लाल , साजिद , मुजाहिद , नफीस अब्बास , वीरेंद्र , जितेन्द्र सिंह , सुरेश चंद्र , आलोक , आतेंद्र आदि किसानों ने क्रय केंद्र पर धान खरीददारी पर भारी अनियमितता का आरोप लगाया है । इस बावत जब केंद्र प्रभारी हजारी सिंह

से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि कुछ किसान बिना टोकन लिए ही धान लेकर तौल कराने के लिए आए थे उन्हें टोकन लेने के बाद धान तौलने की बात कही गई तो वे भड़क गए और किसान के साथ गली गलौझ की बात सारस गलत है साथ ही केंद्र प्रभारी ने बताया कि धान तौलाई का सासन द्वारा बीस रुपये प्रति कुंतल का सुल्क निर्धारित किया गया है इस सुल्क पर कोई मजदूर धान तौलाई करने को तैयार नही है इसीलिए मैंने किसानों को सीधे मजदूरों से तौलाई का सुल्क आपस मे समझ लेने के लिए भी बोल दिया है।

सरकारी जमीन कब्जा करने के आरोप में होगी एफ आई आर : ग्राम प्रधान

अखंड भारत संदेश

अल्हवा गांव के अस्पताल की जमीन की पत्थरगढ़ी उखाड़ कर जोताई करने तथा चक रोड की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

एस डी एम ने लेखपाल को विधिक कार्यवाही, केस दर्ज कराने का दिया आदेश, उचितदर विक्रेता पर हो रही कार्यवाही, स्कूल का खाद्यान्न तत्काल सौंपने का निर्देश

कोरांव। अब ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी जमीनों के अवैध कब्जे करने वालों की खैर नहीं होगी। उक्त जानकारी ग्राम प्रधान अल्हवा एवं सोशल एक्टिविस्ट अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने दी।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि जब से नई ग्राम पंचायतों की सरकार बनी है,तब से यह पहली ग्राम पंचायत अल्हवा है जिसमें प्रधान ने अपनी समस्त समितियों का गठन करने के पश्चात तत्काल ग्राम सभा की जमीन पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों पर कार्यवाही शुरू की है। भूमि प्रबंधक समिति को प्रदत्त अधिकारों के तहत की गई कार्यवाही में राजस्व कर्मी के साथ कई जमीनें सरकारी चिन्हित कर सीमांकन पैमाइश पत्थरगढ़ी कराई गई । जिसके बावजूद सरहंगो ने चकमार्ग और उप स्वास्थ्य केंद्र अल्हवा के नाम भू अभिलेखों में दर्ज भूमि को जुलाई माह में पैमाइस कृत दो विश्वा जमीन को गांव के ही लालजी सिंह पटेल ने पत्थर उखाड़ कर जोत बो लिया। प्रधान द्वारा जब उक्त भूमि को मिट्टी से पटाई कराकर सुरक्षित किए जाने तथा बौंद्रीवाल कार्य कराए जाने का कार्य गत दिवस किया जाने लगा तो उक्त लालजी पटेल और गांव के ही वासदेव सिंह पटेल आदि ने आकर कार्य को रुकवा दिया था। इसी तरह उक्त लालजी द्वारा पाल बस्ती के निकट चकमार्ग को भी चेतावनियों के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ा। और उप जिलाधिकारी कोराव को पत्र दिया। कोई कार्यवाही न होने पर सीधे प्रधान द्वारा थाना पुलिस और एस एस पी के यहां तहरीर देकर प्रथिमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही हैं। इसी प्रकार उचित दर विक्रेता अल्हवा द्वारा भी सरकारी जमीन कब्जा करने के आरोप में केस दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। प्रधान ने बताया कि प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ तथा जिला प्रशासन को भी तहसील अधिकारियों की अनदेखी से अवैध कब्जों की भरमार होने अप्रिय घटनाएं घटने की शिकायत की जा चुकी है। अब सीधा पंचायतीराज अधिनियम एवम भूमि प्रबंधक समितियों के प्रदत्त अधिकारों के तहत शक्तियों का प्रयोग कर ग्राम प्रधान द्वारा कार्यवाही कराई जा रही है। प्रधान ने कहा की यदि पुलिस भी नहीं सुनेगी तो सीधे न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रयागराज के माध्यम से केस दर्ज कराएंगे। अतिचारी और उनके सहयोगियों को भी अब सबक सिखाया जाएगा। साथ ही भूमि हीनों को लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही समिति करने जा रही है। जिससे भू माफियाओं और अतिचारियों में बौखलाहट हो रही है और गांव में अशांति का माहौल बनाया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने बताया सार्वजनिक वितरण प्रणाली को ले कर प्रधान द्वारा पात्र कार्ड धारकों के हितार्थ उठाए गए कदम में कोटेदार के विरुद्ध जनहित में स्वयं शिकायत सक्षम अधिकारियों से की है। जिसकी जांच हो चुकी है। कोटेदार को आरोप पत्र जारी हो चुका है। उसका कोटेदार द्वारा जवाब भी दाखिल हो चुका है। जिसमे फर्जी हलफनामें भी कोटेदार द्वारा दाखिल किया गया है। जल्द ही कोटा निलंबित होगा और धोखा धरी का केस भी लॉज होगा। उक्त मामले को जिले स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी आदि स्तर पर भी प्रस्ताव शिकायतें प्रस्तुत की जा चुकी हैं। मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक अधिकारों को भी हौंसला अफजाई की गई है। ग्राम प्रधान ने ग्राम के सभी सरकारी जमीनों जैसेअस्पताल, चकमार्ग, नाली, बंजर, नवीन परती, खलिहान, नदी, नाले हरिजन आबादी आदि की जमीनों के कब्जा कताओं को अंतिम बार चेतावनी देकर अपील की जा रही है कि उक्त भूखंडों को छोड़ दें,अन्यथा कि स्थिति में कानूनी कार्यवाहियों को झेलने के लिए तैयार रहें।

प्रधान शहजादे अल्हवा ने बताया कि अफसरों की अनदेखी के ही कारण सार्वजनिक जमीनें गांवों में अतिक्रमित हैं। जिस पर अमल न होने की स्थिति में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक याचिका ग्राम सभा हितार्थ दाखिल की जा रही है। या राजस्व अधिकारी,आपूर्ति अधिकारी या पुलिस अधिकारियो की ही मनमानी चलेगी या फिर ग्राम पंचायतों की चलेगी।

अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान

खबर संक्षेप

विजय दिवस पर कांग्रेसियों की हुई बैठक

करछना। विजय दिवस पर किया गया पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को याद आज ही के दिन ठीक 50 साल पहले लिखा गया एक ऐसा इतिहास जब हमारी बहादुर सेना ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और 99 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने भारत के समक्ष आत्मसमर्पण करके अपनी पराजय स्वीकार की। जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार के महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी ने पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कही।उन्होने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकताओं को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्यता अभियान चला कर नये सदस्य जोड़ते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाय ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सकें और राष्ट्रीय महासचिव पिंयंका गांधी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेकने का आह्वाहन किया।इस मौके पर कई काग्रेसी मौजूद रहे।

माघ मेला सकुशल संपन्न होने की मंगल कामना हेतु संगम तट पर किया गया गंगा पूजन

मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं मेला अधिकारी ने की पतित पावनी गंगा-यमुना एवं सरस्वती की पूजा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। संगम तट पर गुरुवार को जनपद के आला अफसर व साधु संतों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। ब्राह्मणों द्वारा पूजा संपन्न कराई गई और दूध चढ़ाया गया। पूजा में सभी मंडलायुक्त संजय गोयल, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय, महंत बलबीर गिरि व बड़ी संख्या में अधिकारी व संत शामिल हुए। सभी ने मां गंगा से कामना की कि अगले माह से शुरू हो रहे माघ मेले को सकुशल संपन्न कराएं।

हर वर्ष मेला शुरू होने से पहले मां गंगा की होती है पूजा

दरअसल, संगम तट पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले माघ मेले के शुरू होने के पहले मेला प्राधिकरण की तरफ से मां गंगा यमुना और सरस्वती की पूजा और आरती की जाती है। चूंकि यह मेला व्यापक होता है और एक माह तक चलता है और पूरा मेला संगम की गोद में ही आयोजित होता है। ऐसा माना जाता है कि पहले त्रिवेणी संगम से मां गंगा से आशीर्वाद लिया जाता है। इसी क्रम में आज भी मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय द्वारा आज पूजा अर्चना की गई।

सभी विभागों को निर्देश, समय से पूर्ण करें कार्य

अब माघ मेला नजदीक आ रहा है। मेलाधिकारी की ओर से सभी विभागों को निर्देशित कर दिया गया है कि समय से पहले मेले में पूरी व्यवस्था कर ली जाए। पांटून पुल, बिजली की व्यवस्था, शौचालय, अस्पताल आदि को हर हाल में समय से सुनिश्चित कराई जाए। अब 22 दिसंबर से जमीन आवंटन का कार्य भी शुरू हो रहा है।

पतित पावनी गंगा मां की पूजा करते अधिकारी व साधु संत

पत्रकार विकास परिषद के रवि चंद्रा ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता देवेश गोला से की औपचारिक मुलाकात

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पत्रकार विकास परिषद संगठन भारत का एकमात्र ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के हित की बात लगातार करता रहता है पत्रकार विकास परिषद संगठन पत्रकारों की समस्याओं को लेकर लगातार एक से बढ़कर एक नया कदम उठाता रहता है चाहे वह पत्रकार उत्पीड़न हो या अन्य किसी संबंधित समस्या को लेकर हर दिन प्रतिदिन निरन्तर कार्य करता रहता है वही पत्रकार विकास परिषद संगठन के सदस्य रवि चंद्रा ने पत्रकारों की समस्याओं को लेकर दिल्ली के सामाजिक संगठन, कानूनी जागरूकता अभियान (रजि०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता देवेश गोला जी से की औपचारिक मुलाकात, पत्रकारों की समस्या को लेकर कराया अवगत, मुलाकात के दौरान देवेश गोला जी ने कहा कि पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न देश के चौथे स्तंभ पर खतरा है। क्योंकि पत्रकार ही देश की दिशा और दशा दोनों को ही बदलता है। वहीं अंत में कानूनी जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता देवेश गोला जी ने पत्रकार विकास परिषद संगठन की जमकर सराहना भी की।

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से मुलाकात करते रवि चंद्रा

पत्रकारों पर दिन प्रतिदिन बढ़ रहे उत्पीड़न या अन्य किसी समस्या के बारे में कराया अवगत

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में 20 को ही पहुंच जाएंगी महिलाएं

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी तथा जनसभा के लिए बैरी कटिंग करते कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने वाली स्वयं सहायत समूह की महिलाओं को स्कूलों तथा ब्लॉक मुख्यालयों में ठहराया जाएगा। इसके लिए जिले के 92 स्कूल चिह्नित किए गए हैं। इसमें आवश्यक सुविधाओं से युक्त सभी बड़े स्कूल शामिल हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से दो लाख 53 हजार से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। इनके रहने के लिए चिह्नित स्कूल 20 से 22 दिसंबर के बीच प्रशासन के कब्जे में रहेंगे। संबंधित स्कूल प्रबंधन को इस बाबत पत्र लिखा गया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा कर्मियों के आने का क्रम भी शुरू हो गया है। इनके रहने के लिए भी अलग-अलग स्थान चिह्नित किए जा रहे हैं। परेड में होने वाले कार्यक्रम के लिए पांडाल भी बनने लगे हैं। इनके अलावा अन्य तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। तथा जिले के उच्च अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण करने व दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

महिलाओं के रुकने के लिए चिन्हित किए गए 92 स्कूल, पीली साड़ी में दिखेंगी कार्यक्रम स्थल पर सभी महिलाएं

दो लाख से अधिक महिलाएं पहुंचेंगी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में

ट्रैकटर-ट्राली की चपेट में आने से युवक की मौत, दो गम्भीर

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़ोखरा गांव में गुरुवार को सायं 6 बजे के आसपास मार्ग दुर्घटना में जहां 15 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक प्रियांश पुत्र राजीव लोचन दुबे व सिद्धार्थ पुत्र रमाशंकर दुबे निवासी खिवली कला थाना कोरांव अपने चाचा रवि शंकर दुबे पुत्र राम सजीवन के साथ क्षेत्र के रत्योरा बाजार सायं 6 बजे के आस पास खरीददारी करने आ रहे थे।कि बड़ोखरा गांव में धान लादकर रत्योरा बाजार की ओर आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से पास लेने के दौरान सामने से बाइक भी आ गई दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से बाइक पर बैठा प्रियांश (15) पुत्र राजीव लोचन बाइक से गिरकर ट्राली के पहिया के नीचे चला गया। जिससे मौके पर ही उसकी कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा चचेरा भाई सिद्धार्थ का पैर टूट गया। वही सामने से आ रहा बाइक सवार को भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों घायल जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। हादसे के बाद मौजूद लोगों ने बताया कि घंटों देर बाद एंबुलेंस व इलाकाई पुलिस पहुंची जिससे परिजनों में आक्रोश भी देखा गया। हादसे में दोनों चचेरे भाइयों के साथ रहे बाइक चालक चाचा रवि शंकर बाल-बाल बच गए हैं।

रत्योरा बड़ोखर मार्ग के बड़ोखरा गांव में पास लेते समय घटी घटना, परिजनों में कोहराम

मां-बाप का इकलौता चिराग था प्रियांश

बड़ोखरा गांव के मार्ग दुर्घटना में मृत हुआ प्रियांश अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। प्रियांश की मौत से परिवार पर पहाड़ टूट पड़ा। बताया जाता है कि प्रियांश के पिता राजीव लोचन गोवा में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। माता के साथ प्रियांश रहता था जो क्षेत्र के शिव जियावन इंटर कॉलेज लेडियारी में कक्षा दसवीं का छात्र था। हादसा इतना दर्दनाक था कि जिस किसी ने भी देखा सबकी आंखें नम हो गई।

न्यूज झरोखा

पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

नैनी। प्रयागराज के रोवर रेंजर इकाई के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) सुनंदा चतुर्वेदी जी को आमंत्रित किया गया जिन्होंने अपने उदबोधन में छात्र छात्राओं को अपने व्यक्तित्व निर्माण ,पारस्परिक सहयोग, आत्मनिर्भरता, देशभक्ति, अनुशासन एवं नेतृत्व संबंधी प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ .दीपक ने बताया कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक के रूप में भारत स्काउट गाइड से श्री वेद प्रकाश भगत ,डॉ. नसरीन रिजवी एवं श्री राज नारायण शुक्ला जी को आमंत्रित किया गया जिन्होंने छात्र छात्राओं को स्काउट गाइड के इतिहास एवं स्काउट नियम, प्रतिज्ञा ,स्काउट गीत, झंडा गान, आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की, तथा पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रारूप से छात्रों को अवगत कराया, शिविर का संचालन रोवर रेंजर प्रभारी डॉ दीपक ने किया तथा अतिथियों एवं प्रशिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन रेंजर प्रभारी डॉ. मीनाक्षी राठौर ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अमित मिश्रा, डॉ. विपिन तिवारी, एवं डॉ अजय मिश्र जी उपस्थित रहे।

करछना ब्लाक दिव्यांग कैप मे 117 का हुआ रजिस्ट्रेशन

करछना। गुरुवार को ब्लाक परिसर करछना मे दिव्यागो के पजीयन हेतु कैप का आयोजन किया गया जिसमे कुल 117 दिव्यागो का रजिस्ट्रेशन किया गया।इस मौके पर नगीना यादव,घनेश्वर डे,राकेश यादव भारत वसल आदि ने कैप मे आये दिव्यागो का रजिस्ट्रेशन करते हुए उपकरण हेतु 80 लोगो एव कृत्रिम अग के 37 लोगो का रजिस्ट्रेशन किया गया।इस मौके पर बीडीओ राम विलाश राय,एडीओ एसके विजय शकर आदि मौजूद रहे।

राजाबाबू पाठक बने मंडल प्रबुद्ध वर्ग संयोजक लोगों में हर्ष

जसरा। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने वरिष्ठ भाजपा नेता राजाबाबू पाठक को जसरा मंडल प्रबुद्ध वर्ग का संयोजक नियुक्त किया है। विकास खंड जसरा के सभागार में भाजपा मंडल की बैठक जगत नारायण शुक्ल की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मंडल जसरा प्रबुद्ध वर्ग का राजाबाबू पाठक को संयोजक बनाये जाने पर लोगों ने श्री पाठक को फूल मालाओं से लाद दिया। पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरीराम त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे लोगों के आने से भाजपा परिवार गर्व महसूस कर रहा है। कार्यक्रम में जिलामंत्री कमलेश त्रिपाठी ने श्री पाठक के मनोनयन की सराहना किया है। इस अवसर पर जिला संयोजक राकेश सिंह,अशोक तिवारी, आलोक द्विवेदी,बीरेंद्र पाठक,प्रीतम केसरवानी,आलोक पाठक,नितेश केसरवानी नीशू,राकेश पाठक सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

रमाकांत बने मिजार्पुर नगर विधानसभा प्रभारी लोगों में हर्ष

घूरपुर। भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता रमाकांत विश्वकर्मा को मिजार्पुर नगर विधान सभा प्रभारी बनाएं जाने पर भाजपाइयों में हर्ष है। रमाकांत विश्वकर्मा भाजपा काशी प्रांत किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सहित पार्टी व संगठन के कई प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है। इसके पांच वर्ष पूर्व विश्वकर्मा को प्रयागराज के कोराव विधान सभा प्रभारी बनाया गया था। जिनके नेतृत्व में कोराव भारी मतों से जीत दर्ज की गई थी। मिजार्पुर नगर विधान सभा प्रभारी बनाएं जाने पर प्रयागराज के भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, ज़िला मंत्री प्रकाश शुक्ल' प्रचंड' ज़िला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, बृजेश पांडेय, मनोज गुप्ता, रामा नंद तिवारी,सुभाष सिंह पटेल, संजय पाल, डॉ सूर्या यादव, अखिलेश सिंह, जगत नारायण शुक्ल, तेजबली यादव, आर के शर्मा, अजय द्विवेदी, ने माला पहनाकर और बुके देकर बधाई दी है।

प्रिज्म सीमेंट ने प्रयागराज जिले के सभी इंजीनियरों को किया सम्मानित

प्रिज्म सीमेंट के अधिकारियों के साथ उपस्थित इंजीनियर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रिज्म सीमेंट द्वारा प्रयागराज में इंजीनियर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सभी इंजीनियरों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कंपनी के रीजनल हेड गोविंद चतुर्वेदी एंव रीजनल टेक्निकल हेड रोहित कपूर , ब्रांच मैनेजर किशोर कुमार त्रिपाठी, ब्रांच टेक्निकल मैनेजर नीरज शुक्ला एवं सेल्स प्रमोटर महेश अग्रवाल ने सभी इंजीनियरों का आभार व्यक्त किया। प्रिज्म सीमेंट के रीजनल टेक्नीकल मैनेजर ने प्रिज्म सीमेंट की गुणवत्ता एवं सर्विससेस के बारे में बताया। तथा साथ साथ प्रिज्म सीमेंट के द्वारा चलाए जा रही प्रिज्म एस्पायर लॉयल्टी प्रोग्राम के बारे में बताया गया। साथ प्रिज्म एस्पायर में स्मार्ट होम कांटेस्ट का सभी इंजीनियरों के साथ मिलकर सुभारम्भ किया गया।

रोजगार मेले का आयोजन 20 को

नैनी। सहायक निदेशक, सेवायोजन रत्नाकर अस्थाना ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज/ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी / जिला उद्योग केन्द्र, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान से दिनांक 20.12.2021 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी परिसर में प्रातः 11:00 बजे एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही मेले में हाई-स्कूल/ इण्टर/ स्नातक / आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव

प्रयागराज। फाफामऊ घाट पर विद्युत शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव लखनऊ स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भेजा गया है। घाट पर आधुनिक विद्युत शवदाह गृह बनाने के लिए नगर निगम ने रेलवे से जमीन मांगी है। शवदाह गृह के लिए घाट के बंधे पर दो स्थलों को चिन्हित किया गया है। रेलवे पुल के नीचे जमीन पर शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव पहले ही खारिज किया जा चुका है। रेलवे पुल और शहीद चंद्रशेखर आजाद सेतु के बीच जमीन पर शवदाह गृह बनाने की रेलवे और नगर निगम सहमत हो गए है।

कोरांव में अमृत महोत्सव का हुआ समापन

स्कूली छात्रों के देशभक्ति गीतों पर झूमे दर्शक, कवियों ने सजाई महफिल

कोरांव। महीने भर से कोरांव में चल रहे अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव के प्रांगण में भव्य व आकर्षक रूप से किया गया। कोरांव तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में अमृत महोत्सव रथ यात्रा के जरिए प्रत्येक गांव पहुंची। समापन गुरुवार को गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया गया। अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों के द्वारा संयुक्त रुप से वंदे मातरम गायन के साथ विधि विधान से भारत माता का पूजन अर्चन करने के दौरान वंदे मातरम एवं भारत मां के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव, सेंट मैरीज स्कूल तरांव एवं आर्यावर्त एकेडमी कोरांव के छात्र छात्राओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां भी दिखाई गई। बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में अवकाश प्राप्त न्यायिक मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय डॉ विद्या कांत तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित कर राष्ट्र व देश हित में समर्पित होने का संकल्प दिलाया । अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद मिश्र तथा संचालन कवि सुमित ओरछा ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से चेयरमैन कोरांव नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी, राज शिशु शिक्षा सदन के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रत्याशी तुलसीदास राणा, राम कृष्ण केसरी, भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह भारतीय किसान संघ की महिला प्रांत प्रमुख काशी प्रांत उर्मिला सिंह एकता निषाद जिला मंत्री अतुल सिंह सहित भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व छात्र-छात्राएं तथा विशिष्ट लोग एवं बाजार के व्यापारी मौजूद रहे।

भाजपा अपनादल गठबंधन सरकार में सर्वसमाज का विकास : कैप्टन करन सिंह

प्रतापपुर। सोरों, बरौना गाँव में आयोजित चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपना दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा कैप्टन करन सिंह ने कहा कि भाजपा अपनादल गठबंधन सरकार में देश प्रदेश का सर्वाधिक सर्वांगीण विकास हो रहा है जिसमें सर्वसमाज लाभान्वित हो रहा है।सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए पुनः योगी सरकार बनाने की अपील किया और बहन केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के हांथों को मजबूत करने के लिए आशीर्वाद मांगा।कार्यक्रम में श्यामराज पटेल, मुन्ना सिंह, कुनाल चतुर्वेदी, हिमांशु त्रिपाठी, बंशीलाल कुशवाहा, भोलानाथ कुशवाहा, सुरेश पाल, अमर बहादुर सरोज, रामसुंदर पाल, राजेंद्र प्रसाद प्रजापति, राजू पटेल, लालजी गौतम, मनोज, रविदास, लालजी पासी, दिनेश सिंह कोटेदार, शिवकुमार गौतम, कुँवर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य : अजय गुप्ता

एचडीएफसी बैंक के एटीएम का नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने किया उदघाटन

अखंड भारत संदेश

नैनी। ग्राहकों के लिए 24 घंटे बेहतर सुविधा प्रदान करना बैंकों का मुख्य उद्देश्य है ग्राहक ही बैंकों का भगवान होता है इसलिए बैंक भी ग्राहकों की सुविधा में हमेशा अग्रहणी रहना चाहिए नैनी में पूरा फतेह मोहम्मद अरैल तिराहा पर गुरुवार को एचडीएफसी बैंक की शाखा नैनी द्वारा एचडीएफसी बैंक के एटीएम उद्घाटन के दौरान एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार गुप्ता ने कही ,उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधा के लिए जगह जगह ग्राहकों को भटकना न पड़े इसके लिए वह एटीएम की व्यवस्था से ग्राहकों को सुविधा मुहैया कराने हमेशा अग्रणी रहा है, उन्होंने बताया कि अब तक इलाहाबाद में कुल 23 एचडीएफसी बैंक व 86 एचडीएफसी बैंक के एटीएम ग्राहकों को 24 घंटे सुविधा मुहैया कराने में अग्रणी रहे हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश जयसवाल ने फीता काट कर एचडीएफसी बैंक के एटीएम का पूरा फतेह मोहम्मद अरैल तिराहा नैनी में उद्घाटन किया इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक सुमित पांडे एवं अमरेंद्र सिंह शाखा प्रबंधक नैनी आशीष शर्मा,शाखा प्रबंधक भारतगंज मनोज पांडे एवं ज्ञानेश मिश्रा ,एवं बड़ी संख्या में व्यापारी गण और क्षेत्र के लोग कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे अभी हाल में ही एचडीएफसी बैंक ने अपनी एक नयी ब्रांच मेजा रोड में ग्राहकों के बेहतर सुविधा के लिए शाखा का उद्घाटन किया है जहां से आसपास से ग्राहकों को बेहतर सुविधा के लिए योगदान प्रदान कर रहा है इस कार्यक्रम में गणमान्य लोगों के अलावा क्षेत्र के वह बैंक के समस्त कर्मचारियों अधिकारी मौजूद रहे।

फीता काटकर एटीएम का उद्घाटन करते नैनी व्यापार मण्डल अध्यक्ष

गुमसुदगी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रोशन लाल पुत्र स्वर्गीय हुसैनी निवासी 11 करेलाबाग कॉलोनी प्रयागराज 20 नवंबर 2012 को वार्ड नंबर 6 रसूलपुर में सफाई करने गए थे जहाँ से रोशन लाल लापता हो गए हैं काफी खोजबीन के बाद भी आज तक लापता है। जिसे रोशन लाल के बारे में जानकारी हो वह नीचे लिखे पते पर जानकारी दें।

सुषमा पत्नी रोशन लाल निवासी 11 करेलाबाग कॉलोनी प्रयागराज
मोबाइल नंबर- 7985225873

किसान संगोष्ठी का किया गया आयोजन

पट्टी नगर, प्रतापगढ़। ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से किसान संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह रहे। कार्यक्रम में जैविक खेती पर विशेष बल देने के साथ-साथ उसके संबंध में जानकारी दी गई और भारतीय जनता पार्टी की तरफ से किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में पट्टी नगर के चेयरमैन खेदन लाल जायसवाल किसान मोर्चा के जिला महामंत्री रामचरित्र वर्मा पट्टी मंडल अध्यक्ष कमलेश मिश्र पूर्व जिला मंत्री के एल विश्वकर्मा नरेंद्र प्रसाद तिवारी शिवप्रसाद सिंह रामू जायसवाल तथा क्षेत्र के कोटेदार क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रामचरित्र वर्मा ने किया।

दो दिवसीय हड़ताल पर गये राष्ट्रीयकृत बैंक के कर्मचारी

बैंकों में लटका रहा ताला, ग्राहक हुए परेशान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर अखिल भारतीय दो दिवसीय हड़ताल के क्रम में प्रतापगढ़ में सभी राष्ट्रीयकृत बैंक के समस्त अधिकारी व कर्मचारी भारत सरकार की बैंकों के निजीकरण की नीति व बैंकिंग ला अमेंडमेंट बिल के खिलाफ एकजुट होकर हड़ताल पर रहे।

भगवा की चुंगी स्थित इलाहाबाद फैजाबाद रोड बैंक ऑफ इंडिया के सामने सभी कर्मचारी व अधिकारी एकत्रित होकर सभा व धरना तथा प्रदर्शन का आयोजन किए। सभा को संबोधित करते हुए यूनाइटेड फोरम के संयोजक नरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि सरकारी बैंकों को निजी करण करने से न केवल बैंक कर्मचारी प्रभावित होंगे बल्कि समूचे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी ग्राहकों और नागरिकों को भी इसके दुष्परिणाम देखने को मिलेंगे। जनता की समस्त जमा पूंजी पर राष्ट्र के कुछ औद्योगिक घरानों का कब्जा हो जाएगा। अध्यक्षता सच्चिदानंद पांडे अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बैंक एंप्लाइज यूनियन ने किया। सभा को प्रमुख रूप से जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के महामंत्री हेमंत नंदन ओझा, एसबी सिंह बैंक ऑफ बड़ौदा, बीपी त्रिपाठी संरक्षक जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल, संजीव यादव बैंक ऑफ इंडिया, प्रेम प्रकाश मौर्य केनरा बैंक अमेठी ,प्रेरणा शुक्ला केनरा बैंक, नीलेश दुबे बैंक ऑफ बड़ौदा, अमर सोनी बैंक ऑफ इंडिया, आशीष कुमार सिंह बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर एसोसिएशन, कमलेश कुमार पांडे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ,जेबी सिंह पंजाब नेशनल बैंक, प्रशांत सिंह यूनियन बैंक, विशेष बहादुर श्रीवास्तव ,ज्योति यादव, अभिजीत मनोरंजन सिंह, अनुराग जायसवाल बैंक ऑफ बड़ौदा, संयोजक नारेन्द्र प्रसाद मिश्रा आदि ने संबोधित किया।

मांगों को लेकर हड़ताल करते बैंक के कर्मचारी

राष्ट्र के भविष्य हैं वर्तमान पीढ़ीः प्राचार्य

एमडीपीजी कालेज में हुई शैक्षिक संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अमृत महोत्सव के अंतर्गत महोत्सव आयोजन समिति की ओर से एमडीपीजी कॉलेज में शैक्षिक संगोष्ठी एवं भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक मुनीश ने कहा कि भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्व में श्रेष्ठ थी। उन्होंने कहा कि भारत अतुलित धन संपदा के साथ श्रेष्ठ ज्ञान का राष्ट्र था। मुख्य वक्ता के रूप में समिति के संयोजक डॉक्टर पीयूष कान्त शर्मा ने कहा कि अमृत महोत्सव के आयोजन से भारत का स्वत्व जागरण का उद्देश्य पूरा हो सकेगा।

किसी राष्ट्र का गौरव तभी जाग्रत रहता है जब वह अपने अतीत के गौरव तथा स्वाभिमान की परंपरा से जुड़ा रहता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज मिश्र ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी राष्ट्र का भविष्य हैं इन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के विषय में बताया जाना अति आवश्यक है। संगोष्ठी का संचालन समिति के सह संयोजक प्रभा शंकर पांडेय ने किया। गोष्ठी का समापन भारत माता पूजन एवं भारत माता आरती से हुआ। कार्यक्रम में समिति के पालक डॉक्टर सौरभ पाण्डेय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रतोष, देवदत्त, विजय पांडे सहित अनेकों छात्राएँ उपस्थित रहीं।

एमडीपीजी कालेज में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी मे बोलते प्राचार्य मनोज मिश्र

विजय दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0 कर्नल एवं कार्यालय के कर्मचारीगण जिले के भूतपूर्व सैनिकों द्वारा कार्यालय परिसर के शहीद स्थल पर विजय दिवस के पुष्पांजलि माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही भारत के सीडीएस बिपिन रावत, ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के साथ-साथ विमान दुर्घटना में अन्य वीर शहीदों को भी श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

मौर्य बंधुत्व क्लब का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 को

प्रतापगढ़। मौर्य बन्धुत्व क्लब द्वारा आयोजित 8वां आदर्श परिणय महापर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक प्रधान कार्यालय मौर्य नगर पल्टन बाजार में हुई। बैठक में 19 दिसम्बर को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी बैठक की समीक्षा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राम अचल मौर्य ने बताया कि 19 दिसम्बर को सुबह दस बजे बारात का आगमन चिलबिला स्टेशन के पास मंदिर परिसर में इकट्ठा होंगे। बैठक में रामयज्ञ मौर्य, राजकुमार मौर्य, रामचंद्र मौर्य, अनिल मौर्य, दिनेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

टाइनी शाखा संचालक से 50 हजार की लूट

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मानधाता कोतवाली क्षेत्र के बासूपुर गांव निवासी रवि रंजन शुक्ला होला का पुरवा में टाइनी शाखा का संचालन करते हैं। आज सुबह शाखा खोलने के लिये 50 हजार नकद, लैपटाप, मोबाइल लेकर निकले। जैसे ही हरिनारायण गांव के पास अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा सटाकर नकद, लैपटाप, मोबाइल लेकर फरार हो गये। पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पुलिस छानबीन कर रही है। दिनदहाड़ हुई लूट से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

ईवीएम के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के परिप्रेक्ष्य में अफीम कोठी के सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेज्ट का सामान्य एवं ईवीएम का दो दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेज्ट को सम्बोधित करते हुये कहा कि आपको बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है, आपको पूरी तरह जागरूक होकर ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ भारत निर्वाचन आयोग की सभी गाइडलाइन्स का पालन करते हुये कार्य करना होगा, इस प्रशिक्षण को पूरे मनोयोग से प्राप्त करें। जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र ने सेक्टर और जोनल मजिस्टेज्ट के कार्यो के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाया गया विजय दिवस

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। गुरुवार को तहसील क्षेत्र के अवध किसान आंदोलन की सरजमी रूर शहीद स्मारक पर आजादी के 75 वर्ष पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विजय दिवस की स्वर्ण जयंती धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अध्यक्ष स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी के प्राचार्य अखिलेश पांडे ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी हमें बहुत ही संघर्ष के बाद मिला है इसका बचाए रखना और संविधान के अनुरूप कार्य करना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बोलते हुए समाजसेवी राम प्रकाश पांडे ने सामाजिक समरसता एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने वाले भावना को बढ़ाने बात कहते हुए आजादी के लिए बलिदान देने वालों वीर सपूतों को याद किया। विधानसभा विस्तारक निश्चल दूबे ने शहीदों को याद किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता नरेंद्र पांडे मुन्ना सिंह, रमेश बहादुर सिंह, दिनेश सिंह, राजेश वर्मा, दिनेश तिवारी, लालमनि प्रधान, सहित क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रिंस बरनवाल ने किया।

रंगदारी ना देने पर युवक को जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। थाना कंधई क्षेत्र के गांव दुर्गा देई मे बीते मंगलवार को मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 20 हजार की रंगदारी मांगी के ना देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार लगाई। थाना कंधई क्षेत्र के गांव दुगार्देई निवासी दीप विश्वकर्मा पुत्र भारत लाल विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि बीते मंगलवार की दोपहर मेरे मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके 20 हजार रुपये रंगदारी मांगी ना देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पीएम पर बयानबाजी को लेकर व्यापारियों ने अखिलेश यादव का फूंका पुतला

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पीएम मोदी के काशी दौरे को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान को लेकर युवाओं एवं व्यापारियों ने पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में चिलबिला चौराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। इस दौरान रवि गुप्ता ने कहा कि अखिलेश यादव का प्रधानमंत्री मोदी पर दिया गया बयान अत्यंत शर्मनाक है आज जब विश्वनाथ धाम के विस्तार का इतना विशिष्ट काम हुआ है, तब प्रधानमंत्री के लिए मृत्यु की इच्छा जताना, उनकी विकृत मानसिकता को दशार्ता है। चुनाव में दिख रही हार से बौखलाए अखिलेश अपना संतुलन खो बैठे हैं। भाजपा जिला सह-मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ सिंह रघुवर ने कहा अगर कहीं जिन्ना की मूर्ति का लोकार्पण होता तो वह खुशी से झूम उठते और घर-घर मिठाई बांटते। इस अवसर पर भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष महावीर पाल, पवन उमर वैश्य, सूरज गुप्ता, विपिन सिंह सोमवंशी, मुन्ना पाल धनगर, संतोष मोदनवाल, अनिल शिल्पकार, लक्ष्मीपति शाह, अजय जायसवाल, रोहित वैश्य, चंदन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नीतेश मिश्र रोशन आदि उपस्थित रहे।

अपने जीवन में कलात्मक ढंग से काम करना जरुरीः कमाण्डेंट

रिवर डेल पब्लिक स्कूल में हुई रंगोली प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रिवर डेल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रुप में आरपीएफ कमाण्डेंट चंद्र प्रकाश मिश्रा मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि इस रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों की कला का प्रदर्शन होता है। हर जगह कला है। आप अच्छे से अपने घर को साज-सज्जा किया, वह भी कला है। अपनी पढ़ाई को अच्छी तरह से बेहतर बनाना भी कला है। हमको अपने जीवन में कलात्मक ढंग से काम करना चाहिये। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा-5 की गरिमा, मानवी व रुही व कक्षा-7 की आयशा, इशिका, कृतिका, शिफा प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर कक्षा-4 की अनुकृति व वरीशा तथा कक्षा-7 की श्रुति रहीं। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया जो काबिले तारीफ है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर सह प्रबंधिका सादिया खान ने आए हुए सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, शिक्षिका आशा पाण्डेय, पूनम सिंह, सुमन श्रीवास्तव, निधि गुप्ता, तराना, सानिया, मंतशा, प्रवेश उपाध्याय, मारुत राय, करन शर्मा, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन खां आदि लोग मौजूद रहे।

छात्रा को प्रमाण पत्र देते कमाण्डेंट चंद्र प्रकाश मिश्रा ।

पार्टी के कार्यक्रमों को कार्यकर्ता सफल बनाएंः रणजीत सिंह

इंदिरा भवन पर कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी मा0रणजीत सिंह सलूजा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने महिलाओं के बीच अभियान शुरू किया है, जो पूरे प्रदेश और देश की महिलाओं को वर्तमान हालात से बेहतर सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक स्थिति का वचन देता है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष (प्रशासन) डा0वी0के0सिंह ने बताया कि 19 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर प्रेस वार्ता में महिला घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। उसके बाद वि0ख0-मंगरौरा अंतर्गत कांधरपुर बाजार में आयोजित जनसभा में कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल शामिल होंगे। मुख्य अतिथि व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि सभी साथी कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जी जान से मेहनत करके सफल कराने हेतु कटिबद्ध हो जाएं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, कपिल द्विवेदी, नीरज तिवारी, वेदान्त तिवारी, बीना रानी, हुश्नारा, सुषमा तिवारी, ज्योति तिवारी, प्रशांत सिंह प्रिंशू, मौलाना वाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी

नगर पालिका ने आधा दर्जन स्थानों पर जलवाये अलाव, मिली राहत

प्रतापगढ़। ठंड का प्रभाव बढ़ता देखकर नगर पालिका ने प्रमुख चौराहों अस्पताल, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर अलाव जलाये हैं। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि अम्बेडकर चौराहा, जिला अस्पताल, भंगवा चुंगी, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टेशन, बेल्हा देवी मंदिर, सदर चौराहा पर अलाव जलाये गये जिससे राहगीरों व गरीबों के लिये राहत मिली है। ठंड का प्रभाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में नगर पालिका लकड़ी के बडे-बडे.कुन्दे उक्त स्थानों पर शाम ढलते ही जलवा दिया जो रात भर जलेगा।

अलग-अलग थानों से छह वांछित वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस की कार्यवाही से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अपराध, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर दिये जा रहे निर्देश के क्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल छह वांछित/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किये गये हैं।

इसमें थाना अंतू से एक अभियुक्त अरविन्द कुमार सरोज पुत्र गंगाराम सरोज निवासी श्रीनगर, थाना अंतू, थाना आसपुर देवसरा से एक वारण्टी अभियुक्त अवधेश कुमार रावत पुत्र स्व0 बबई राम निवासी बरचौली थाना आसपुर देवसरा, थाना रानीगंज से एक वारण्टी अभियुक्त जेठूराम पुत्र दुखीराम निवासी औधानूपुर थाना रानीगंज, थाना संग्रामगढ़ से एक वारण्टी अभियुक्त रामपियारे विश्वकर्मा पुत्र रामफेर निवासी चौरंग थाना संग्रामगढ़ व थाना उदयपुर से दो वारण्टी अभियुक्त छंगू पुत्र शहतू कहार व नन्दलाल पुत्र शहतू निवासीगण बाबा का गांव पट्टी, कचेहरा थाना उदयपुर शामिल रहे।

सृजना ने किया बाल कहानी स्टूडेंटनामा का लोकार्पण

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव के प्रांगण में सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में अनिल कुमार निलय के बाल कहानी संग्रह स्टूडेंटनामा का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्टूडेंटनामा में 20 बाल कहानियाँ संग्रहित हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ०दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि बाल साहित्य साहित्य की सबसे कठिन विधाओं में से एक है। स्टूडेंटनामा एक कालजयी बाल कहानी संग्रह होगा। समारोह के मुख्य अतिथि सर्वदानंद, जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि कहानियाँ विद्यार्थियों एवं समाज से जुडने का सबसे सहज माध्यम होती हैं। विशिष्ट अतिथि आनंद मोहन ओझा ने स्टूडेंटनामा को आदर्श विद्यार्थी जीवन के कालखंड का सहज, जीवंत एवं सारगर्भित चित्रण बताया। समारोह में राजकुमार सिंह, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस, रामसजीवन मौर्य, संतोष कुमार, रामधन यादव, विजय कुमार, रमाशंकर, प्रियंका, दीपशिखा, संजय, दिव्यांशी आदि की उपस्थिति रही। प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं स्टूडेंटनामा के लेखक अनिल कुमार निलय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार ने किया।

बाल कहानी संग्रह स्टूडेंटनामा का लोकार्पण करते अतिथिगण

प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन को किसानों ने सुना

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। गुजरात के आनन्द कृषि विश्वविद्यालय में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किसानों को संबोधित किया, जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में किसानों व विद्यार्थियों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की किसानों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कहा कि खेती के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन और सौर ऊर्जा, बायो फ्यूल जैसे आय के अनेक वैकल्पिक साधनों से किसानों को निरंतर जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन कुमार सिंह, श्री भाष्कर शुक्ला, अवधेश कुमार सिंह, डा0 अमित बरनवाल, स्वाती दीपक दुबे, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद चौरसिया, रामचन्द्र, जुगुल किशोर तिवारी, जी0आर0 पटेल, रविशंकर के साथ-साथ संजय तिवारी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा, श्री रामबहादुर पटेल सेक्टर प्रभारी सहित दर्जनों किसानों ने सहभागिता की।

खबर संक्षेप

तालाब की भूमि को पाट कर दबंग कर रहे अवैध निर्माण, शिकायत

चायल कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर सेवथा ग्राम में तालाब की भूमि पर जबरन दबंग अमृत लाल पुत्र सीताराम द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है तालाब में निर्माण करने की जब जानकारी हल्का लेखपाल को हुई तो आनन फानन में राजस्व लेखपाल मौके पर पहुंच कर हों रहे अवैध निर्माण को रुकवा दिया अगर तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण हुआ तो ग्रामीणों को बरसात में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है वही राजस्व विभाग को भारी क्षति भी पहुंचेगी घनश्याम पुत्र रामफल पट्टा धारक के मुताबिक वा नजरी नक्से के मुताबिक तालाब की भूमि 2 बीघा 19 बिस्वा है जो वर्तमान में नाम मात्र का तालाब बचा है योगी सरकार लोगो को रोजगार के रूप में नरेगा योजना में तालाब को खोदाई जैसे अनेकों रोजगार गारंटी योजना दे रही है वही कौशाम्बी के गोपाल पुर ग्राम में तालाब को पाट कर मकान निर्माण किया जा रहा है।

बेटी की हत्या कर पिता ने कुएं में फेंका शव

झूठे मान सम्मान के चलते नहीं रुक रही ऑनर किलिंग की घटनाएं, कुएं से दुर्गंध उठने के बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम को भेजा शव

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में हैवान बने एक पिता ने अपने ही बेटी का गला घोट कर हत्या करने के बाद लाश को गांव के बाहर खेत में बने कुएं में फेंक दिया है कुएं से दुर्गन्ध उठने के बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने फायर ब्रिगेड के सहयोग से कुएं से शव बाहर निकाला है जिसकी पहचान गांव की पूजा पाल उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई है बालिका के शव को कब्जे में लेकर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका के शव बरामद होने के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया है मृतक बालिका की मां का कहना है कि पूजा एक युवक से फोन पर बात कर रही थी जिसे परिजनों ने डाट दिया था डांट के बाद बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है और बालिका के पिता ने साइकिल में शव को लादकर कुएं में फेंक दिया है।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण

घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी दशरथ लाल पाल पुत्र राजाराम पाल अपनी चार बेटियों सविता सरिता कविता पूजा और पत्नी बृजकली और एक पुत्र के साथ परिवार में रहते हैं सविता सरिता कविता तीन बेटियों की शादी हो चुकी है और वह ससुराल जा चुकी है चौथी बेटी पूजा पत्नी बृजरानी और एक बेटे के साथ वह घर पर रहते हैं बेटी के चाल चलन को लेकर आए दिन विवाद होता है 2 दिन पूर्व पिता ने बेटी पूजा का गला घोट कर उसकी हत्या कर दी है और लाश को साइकिल में लादकर पिता ने खेत में बने कुएं में फेंक दिया है कुएं से दुर्गंध उठने के बाद मामले का खुलासा हुआ है मामले की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी है घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है थाना पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची है और कुएं से बालिका के शव को बाहर निकाला है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ह।

न्यूज झरोखा

जवाबी बिरहा सुनने उमड़ पड़ी भीड़

कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में रामलीला कार्यक्रम के आयोजन के बाद नाटक का मंचन कलाकारों द्वारा किया जा रहा है रामलीला कार्यक्रम में इलाके के महिला पुरुष भक्तगण उपस्थित होते रहे और रामलीला कार्यक्रम मैं कलाकारों के मंचन की सराहना की नाटक मंचन कार्यक्रम के तहत बुधवार को कलाकारों ने सुंदर जवाबी बिरहा का कार्यक्रम ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किया सुषमा प्रयाग और सुरेंद्र यादव के बीच जवाबी बिरहा को सुनने के लिए इलाके के कई गांव के लोग उमड़ पड़े जवाबी बिरहा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण ठहाका लगाते रहे इस कार्यक्रम में गणेश साहू राजकुमार बृजेंद्र केसरवानी भंवर सिंह यादव,धर्मेंद्र कुमार साहू, गणेश प्रसाद साहू, अशोक कुमार यादव, टेनी यादव, अतर सिंह यादव, शिव प्रसाद विश्वकर्मा,शंकर यादव, लाल जी भारतीय, उदल भारतीय, अंगनू भारतीय, दिलीप यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, संजू साहू,समेत इलाके के सैकड़ो ग्राम वासी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

अहिरारा में महाकाल क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ उद्घाटन

कल्यानपुर कौशाम्बी। सिराथू तहसील के ग्राम अहिरारा में महाकाल क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिराथू विधान सभा के समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्यासी आनंद मोहन सिंह पटेल ने फीता काट कर किया है टूनार्मेंट में भाग लेने वाले शहजादपुर व नानसेनी गांव के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा।टास जीत कर पहले बल्ले बाजी करने वाली नानसेनी की टीम मैदान में उतरेगी ।मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि गांव के ही खिलाड़ी बन कर देश का नाम रोशन करते है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के अलावा लवकुश पटेल,दिनेश पाल, रामचंद्र सरोज,रंजीत यादव,मुमताज,विजय पटेल कुलदीप ,दिवेश पटेल आदि तमाम ग्रामीण व क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

कमिश्नर से शिकायत के 24 घंटे बाद भी नहीं बंद हुआ अवैध बालू खनन

कौशाम्बी। निर्वाचन की बैठक में कौशांबी आए कमिश्नर से कौशांबी कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव यमुना नदी से बालू के अवैध खनन की शिकायत ग्रामीणों ने की थी लेकिन कमिश्नर से शिकायत के 24 घंटे बाद भी बालू का अवैध खनन नहीं बंद हो सका है कौशाम्बी कोतवाली के पाली गांव स्थित यमुना बालू घाट से अवैध खनन व उस पार से अवैध तरीके से परिवहन कराए जाने की शिकायत उमेश कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुँच कर किया था यमुना नदी से अवैध खनन की कमिश्नर प्रयागराज से शिकायत के 24 घंटे बाद भी अवैध खनन में रोक लगती नहीं दिख रही है जिससे माफियाओं के बढ़ते राजनीतिक वर्चस्व का अंदाजा लगाया जा सकता है।

महिला के गर्भ पर कोविड-19 का हमला गर्भ में बच्चे की मौत

अखंड भारत संदेश

बेरूवा कौशांबी। कोविड-19 जहां लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रहा है वहीं कुछ लोगों को कोविड-19 की बैक्सीन खतरा बन कर सामने आ रहा है ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के कृष्णा डोली गांव निवासी सोनी देवी का सामने आया है महिला 7 महीने की गर्भवती थी उसने 4 दिसंबर 2020 को कोविड-19 बैक्सीन की पहली डोज लगवाई कोविड-19 बैक्सीन की पहली डोज लगते ही महिला सोना देवी की हालात खराब होने लगी देखते देखते महिला का स्वास्थ्य बेहद खराब हो गया परिजनों को चिंता सताने लगी परिजनों ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरवा में चिकित्सकों को दिखाया लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहां महिला का इलाज चल रहा है जांच के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि महिला के पेट में पल रहा 7 महीने का गर्भ खराब हो गया है जिससे जच्चा बच्चा दोनों को जीवन के खतरा है किसी तरह से चिकित्सकों ने महिला की जान बचा ली है लेकिन पेट में पल रहे 7 महीने के गर्भ को चिकित्सक नहीं बचा सके हैं जबकि कोविड-19 बैक्सीन लगाने के पूर्व महिला के गर्भ की जांच स्वास्थ्य विभाग ने की थी उस समय महिला के पेट का गर्भ ठीक था लेकिन कोविड 19 बैक्सीन लगवाने के 24 घण्टे बाद महिला और उसके पेट के बच्चे की हालत खराब होने लगी जिससे एक बार फिर कोविड-19 बैक्सीन पर सवाल खड़े हो गए हैं जो स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी जांच का विषय है आखिर किसी स्वस्थ मनुष्य को कोविड-19 की वैक्सीन लगाने के बाद उसे खतरा बन जाए तो यह बड़ा गंभीर चिंतन का विषय है।

कोविड 19 टीकाकरण के बाद गर्भ में मौत के बाद दुखी परिजन

सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

डीएम ने सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु नामित प्रभारी अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने नामित प्रभारी सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सौपे गये अपने से सम्बन्धित कार्या की भलीभाति जानकारी करना सुनिश्चित करें तथा सम्बन्धित प्रभारी सहायक प्रभारी अधिकारी यातायात व्यवस्था रूट चार्ट सामान्य प्रशिक्षण निर्वाचन सामाग्री लेखन सामाग्री की व्यवस्था प्रेक्षक व्यवस्था मीडिया एवं पेड न्यूज पोस्टल बैलेट पेपर व्यवस्था निर्वाचन आयोग बुकलेट एंव सांख्यकीय सूचना चिकित्सा व्यवस्था बीडियोंग्राफी व्यवस्था मूलभूत सुविधा सफाई पेयजल टेन्ट फर्नीचर एवं बैरीकेटिंग आदि व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में तैयारियॉ किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सौंपे गये कार्यो की भलीभाति जानकारी करना करें सुनिश्चित

संतुलित आहार योग एवं स्वच्छता के साथ कोरोना वायरस से जीती जा सकती है जंग : नीतू सिंह

महामाया राजकीय महाविद्यालय में किशोरावस्था में आहार एवं पोषण विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को किशोरावस्था में आहार एवं पोषण विषय पर व्याख्यान हुआ। इसमें मुख्य वक्ता डॉ नीतू सिंह एसोसिएट प्रोफेसर गृह विज्ञान एचएनबी पीजी कॉलेज नैनी प्रयागराज रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंह ने की। मुख्य वक्ता ने बताया कि संतुलित आहार योग एवं स्वच्छता के साथ कोरोनावायरस की जंग जीती जा सकती है एवं हमें प्रतिदिन मौसमी फल एवं सब्जी का सेवन करना चाहिए।मौसमी फल एवं सब्जी सस्ती एवं पौष्टिकता से भरपूर होती है, धन को दोबारा कमाया जा सकता है पर स्वास्थ्य खो कर दोबारा कमाया नहीं जा सकता। मनुष्य को शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक स्तर पर स्वस्थ होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आइक्यूएसी प्रभारी डॉ नीलम बाजपेई ने किया। कार्यक्रम में डॉ अरविंद कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ भावना केसरवानी, डॉक्टर पवन कुमार, डॉक्टर नीरज कुमार सिंह,डॉक्टर अमित कुमारशुक्ल, डॉक्टर संतोष कुमार,डॉक्टर शैलेंद्र मालवीय एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता नीतू सिंह को गुलदस्ता देकर स्वागत करते प्राचार्य

खलिहान में रखे पुआल में लगाई आग

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी नारा के अंतर्गत ग्राम सभा खेरवा में बुधवार की रात 10 बजे हर्षित मिश्रा के खलिहान में रक्खे पुआल में किसी ने आग लगा दिया है मामले की सूचना उन्होंने पुलिस को दी है। शिकायत कर्ता सी न्यूज भारत के पत्रकार हर्षित मिश्रा का कहना है कि अपने खेत में 3 दिसम्बर को हैडपंप का बोर कराया था हैंडपंप बोर को रोकने के लिए गांव के ही दबंग बटुक ने बोर ना हो पाए बोर को रोकवा देने की धमकी दी थी सरकार की तरफ से कोई भी सरकारी लाभ ना मिलने की धमकी दी थी रात को खलिहान में रखे पुआल में किसी ने आग लगा दिया उनका कहना है कि आज पुआल में आग लगाई गई हैं कल हमारे और हमारे घर में भी आग लगाई जा सकती है और कुछ भी हो सकता है उनका कहना है कि आग जलते जब हमने देखा तो तुरन्त नारा चौकी और 100 नम्बर पुलिस को सूचना दी गई उनका कहना है कि आग जलाते समय किसी को देखा नही गया है।

अधिशासी अभियंता आरइएस नहीं देते जनसूचना में मांगी गई सूचनाएं

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय में जन सूचना अधिकार अधिनियम की बेखौफ तरीके से धज्जियां उड़ाई जा रही हैं विभागीय जानकारी के लिए ग्रामीण जन सूचना में अधिशासी अभियंता से सूचनाएं मांग रहे हैं लेकिन उन्हें सूचनाएं नहीं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे विभाग में व्याप्त खामियों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विकासखंड सरसावा अंतर्गत ग्राम सभा ऊनो के सुनील तिवारी ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा से 2 महीने पूर्व ब्लाक में तैनात अवर अभियंता के बारे में सूचनाएं मांगी गई थी लेकिन 2 महीने बीत जाने के बाद भी अधिशासी अभियंता द्वारा सूचना नही उपलब्ध कराई गई है। गौरतलब है कि कौशाम्बी जनपद के 8 ब्लॉक में कार्यरत आरईडी के जेई कुंडली मार कर 5 साल से जमे हैं लंबे समय से जमा होने के चलते सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता खत्म हो गई है बीते दो महीने पूर्व ऊनो निवासी सुनील तिवारी ने जन सूचना अधिकार के तहत एक सूचना मांगी थी लेकिन जन सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ाकर सुनील तिवारी को सूचनाएं नहीं दी गई हैं लंबे समय से जमे अवर अभियंता को अभी तक क्यो उस ब्लॉक में बदला गया जिसकी वजह से ब्लॉकों में भ्रष्टाचार पर्याप्त मात्रा में व्याप्त है शासनादेश में भी बताया जाता है कि 3 साल से तैनात ब्लॉक में अवर अभियंता बदले जाते हैं तो इस विभाग में क्या उत्तरप्रदेश का शासनादेश नहीं चलता इन्हीं सब जानकारी के लिए और शासन आदेश की कॉपी के लिए आईटीआई के माध्यम से सुनील तिवारी ने जानकारी मांगी थी लेकिन अभी तक कोई सूचना सुनील तिवारी को नहीं मिल पाई है। बताया जाता है कि ट्रांसफर जून में हो जाते हैं लेकिन किसी के प्रभाव से दबाव पर ट्रांसफर रोक दिए गए हैं नियम विरुद्ध अगर इसी तरह विभाग में एक जगह रुक कर सरकारी नुमाईदे काम करते रहे तो वहां वह अपना घर और आशियाना बना लेते हैं जिससे जनता का काम नहीं होता बल्कि भ्रष्टाचार बढ़ जाता है जाच के लिए भी जनसूचना पड़ गई सूत्रों की माने तो फर्जी नाम पर फर्जी एमबी कर भुगतान कराए जाते हैं जिनके कई रिकार्ड लाभार्थियों के पास मौजूद है वहां लाभार्थियों के खाते से पैसा मंगाए जाते हैं यह खेला ज्यादातर सरसावा और कौशांबी ब्लॉक में अधिक हो रहा है जिनकी जांच उच्च स्तरीय कराए जाने की मांग भी उठ रही है।

जन सूचना अधिकार अधिनियम की खुले आम उड़ाई जा रही धज्जियां

24 वर्ष बाद भी जिले में रेप पीड़िताओं की जांच की

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। बेहतर व्यवस्था देने का वादा करने वाली सपा बसपा के साथ-साथ भाजपा सरकार में भी आम जनमानस के तमाम गंभीर समस्याओं का समाधान उनके सांसद विधायक और सरकार नहीं कर सकी है सड़क पर लंबे चौड़े भाषण देकर माननीय आम जनता के बीच विकास का ढिंढोरा पीट रहे हैं लेकिन कौशांबी जनपद के सृजन के 24 साल बाद भी कौशांबी जिले में रेप पीड़िताओं की जांच की व्यवस्था नहीं हो सकी है जिससे रेप पीड़िताओ को इस अस्पताल से उस अस्पताल भटकना पड़ता है जिससे रेप के साक्ष्य नष्ट हो जाते हैं और इसका लाभ अभियुक्तों को मिल रहा है इस गंभीर विषय पर अभी तक स्वास्थ्य महकमा के जिम्मेदारों ने भी शासन का ध्यान नहीं आकर्षित कराया है। योगी सरकार को उत्तरप्रदेश की सत्ता में आए साढ़े 4 साल से अधिक बीत चुके हैं लेकिन उनके सांसद विधायकों ने भी इस गंभीर विषय पर योगी सरकार को पत्र लिखकर रेप पीड़िताओं की जांच की मुकम्मल व्यवस्था जिला अस्पताल में कराए जाने की मांग नहीं की है जिससे रेप की घटनाओं से पीड़ित बालिकाएं महिला सिपाहियों के साथ जांच के लिए पूरे दिन इधर से उधर भटकती रहती हैं। पूरे उत्तर प्रदेश में रेप की जांच का जिम्मा जिला अस्पताल को सौंपा जाता है लेकिन कौशांबी का दुर्भाग्य है कि जिला अस्पताल में कभी-कभी महिला चिकित्सक उपलब्ध रहती हैं महिला चिकित्सकों की अनुपस्थिति के चलते रेप पीड़िता बालिकाओं को कभी 30 किलोमीटर दूर सीएचसी सराय अकिल तो कभी 30 किलोमीटर दूर सीएचसी कड़ा जांच के लिए महिला सिपाहियों के साथ भेजा जाता है सड़कों पर साधन की अव्यवस्था के चलते दूसरे अस्पतालों में पहुंचने में देर हो जाने के बाद अक्सर वहां भी जांच नहीं हो पाती है जिससे उन्हें फिर तीसरे दिन किसी अन्य अस्पताल में जांच के लिए बुलाया जाता है आखिर इस तरह कब तक रेप पीड़िताओं की जांच चलती रहेगी सूबे में सपा बसपा की भी सरकार रह चुकी हैं लेकिन जिला अस्पताल में रेप के पीड़िताओं की जांच की व्यवस्था न होने पर सपा बसपा सरकार ने भी व्यवस्था करने की पहल नहीं की थी लंबे चौड़े भाषण देने से आम जनता को सहूलियत नहीं मिल सकती है जमीनी हकीकत में योजनाओं का संचालन करना होगा तभी सरकार का जयकारा आम जनता लगाएगी।

सपा बसपा भाजपा किसी सरकार और उनके जन प्रतिनिधियों ने गंभीर समस्या के समाधान की ओर नहीं किया पहल

माटीकला शिल्प कारी प्रशिक्षण हेतु करें आवेदन

कौशाम्बी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु परम्परागत माटीकला के कामगार एवं माटीकला में रूचि रखने वाले 25 लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है उन्होनें बताया है कि इच्छुक व्यक्ति आवेदन हेतु आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2021 है। इस तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा 15 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त लाभार्थियों को 1500 रुपए का मानदेय देय होगा एवं प्रशिक्षण के दौरान रहने व खाने की सुविधा भी उपलब्ध कराया जायेगा।

घूसखोर सिपाही दरोगा ने लिया बिकाऊ पत्रकार का सहारा

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के हरारायपुर पुलिस चौकी के दरोगा और सिपाहियों का घूस मांगते हुए ऑडियो वायरल होने के बाद घूसखोर सिपाहियों और दरोगा ने बिकाऊ पत्रकार का सहारा ले लिया है ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने घूसखोर दरोगा सिपाही को जमकर लताड़ा था अधिकारियों की फटकार के बाद अपने बचाव में दरोगा ने खबर खंडन करने वाले पत्रकार को पाल लिया है सबूत सहित खबर चलने के बाद चंद रुपयों के लालच में पत्रकार ने हरराय पुर चौकी के दरोगा सिपाही के कहने पर खबर पर ही आरोप लगाना शुरू कर दिया हैं ऑडियो में साफ शब्दों में जेसीबी संचालक से हरारायपुर चौकी के सिपाही दरोगा घूस की रकम मांग रहे हैं। अब सवाल उठता है कि घूसखोर दरोगा सिपाही को पुलिस आला अधिकारी निलंबित करते हैं या फिर घूसखोर दरोगा और सिपाही योगीराज में मौज करते रहेंगे यह आम जनता के बीच चर्चा का विषय बना है।

कौशांबी के घूस खोर दरोगा सिपाही का ऑडियो वायरल

कौशांबी। आला अधिकारियों के बार-बार कठोर चेतावनी के बाद भी पुलिस महकमे में संगठित अपराधों से वसूली नहीं रुक रही है थाना और पुलिस चौकी में तैनात सिपाही और दरोगा खुलेआम अवैध वसूली में लिप्त हैं पुलिस आला अधिकारियों के तमाम निर्देश के बाद भी थाना और पुलिस चौकियों के दरोगा और सिपाही के आचरण में सुधार होता नहीं दिख रहा है भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त समाज के नियम कायदे की खुलेआम दरोगा और सिपाही धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं इसके पहले थाना और पुलिस चौकियों का ऑडियो वायरल हो चुका है ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के हरराय पुर पुलिस चौकी के दरोगा और सिपाही के ऑडियो का है जहां जेसीबी संचालक से अवैध रकम की डिमांड सिपाही कर रहे हैं कोखराज थाना क्षेत्र के हरराय पुर पुलिस चौकी के सिपाही और दरोगा की घूसखोरी के इस मामले में आला अधिकारी क्या कार्यवाही करेंगे जनता इसका इंतजार कर रही है। कौशांबी आला अधिकारियों के बार-बार कठोर चेतावनी के बाद भी पुलिस महकमे में संगठित अपराधों से वसूली नहीं रुक रही है थाना और पुलिस चौकी में तैनात सिपाही और दरोगा खुलेआम अवैध वसूली में लिप्त हैं पुलिस आला अधिकारियों के तमाम निर्देश के बाद भी थाना और पुलिस चौकियों के दरोगा और सिपाही के आचरण में सुधार होता नहीं दिख रहा है। ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के हरराय पुर पुलिस चौकी के दरोगा और सिपाही के ऑडियो का है जहां जेसीबी संचालक से अवैध रकम की डिमांड सिपाही कर रहे हैं कोखराज थाना क्षेत्र के हरराय पुर पुलिस चौकी के सिपाही और दरोगा की घूसखोरी के इस मामले में आला अधिकारी क्या कार्यवाही करेंगे जनता इसका इंतजार कर रही है।

अवैध शराब के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानों द्वारा 68 लीटर अवैध शराब के साथ पांच अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनका चालान न्यायालय कर दिया है थाना महेवाघाट पुलिस पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नागेन्द्र कुमार पुत्र सोहन निवासी गुरुगोरला थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से दस लीटर व सुशील कुमार पुत्र विदेशी लाल निवासी हिनौता थाना महेवाघाट के कब्जे से दस लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा द्वारा अभियुक्त पिन्टू पुत्र बच्चा निवासी सेलुआ थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से दस लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र गरीब दास निवासी नरेन्द्र बारा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से पंद्रह लीटर व सोम वीर पुत्र गरीब दास के कब्जे से 23 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है।

सम्पादकीय

जबान संभाल के मंत्रीजी

देश के जरूरी मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए कभी धर्म, कभी विकास, कभी राष्ट्रवाद की पिच पर खेलती मोदी सरकार को आउट करने में ही उनके मंत्री भिड़े हुए हैं देश के जरूरी मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए कभी धर्म, कभी विकास, कभी राष्ट्रवाद की पिच पर खेलती मोदी सरकार को आउट करने में ही उनके मंत्री भिड़े हुए हैं। कितनी जद्दोजहद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजय मिश्र टेनी को अपनी मंत्रिपरिषद में बनाए रखा है। कम से कम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ये खबर तो नहीं आई है कि प्रधानमंत्री ने श्री टेनी का इस्तीफा ले लिया। बल्कि एक वीडियो जरूर वायरल हुआ है, जिसमें एक टीवी चैनल के पत्रकार ने जब अजय मिश्र से आशीष मिश्रा पर बदली धाराओं से जुड़ा सवाल पूछा तो मंत्री महोदय भड़क उठे। उन्होंने अभद्र, असंसदीय भाषा में पत्रकार को फटकार लगाई कि बेवकूफी भरे सवाल मत करो। यानी अब देश में ये स्थिति आ गई है कि पत्रकारों के साथ अपशब्दों का प्रयोग सत्ता में बैठे लोग करेंगे। वैसे इस मामले में भारतीय मीडिया भी कम दोषी नहीं है, जिसने सत्ता के आगे समर्पण को पत्रकारिता का मापदंड बना लिया। चाटुकारिता और पत्रकारिता में जब कोई फर्क नहीं रहने दिया जाएगा तो फिर ऐसी ही बदसलूकी होगी। दुख की बात ये है कि कुछ चापलूस पत्रकारों की करनी का खामियाजा मेहनती, ईमानदार पत्रकारों को उठाना पड़ रहा है। लखीमपुर खीरी मामले में शुरूआत से ही अजय मिश्र के इस्तीफे की मांग विपक्ष और किसान दोनों कर रहे हैं। लेकिन घमंड में डूबी मोदी सरकार न जाने किस फायदे या किस मजबूरी में अजय मिश्र को हटाने का फैसला नहीं ले रही। अब लखीमपुर मामले में एसआईटी की रिपोर्ट के बाद मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा के पिता गृह राज्य मंत्री आशीष मिश्र टेनी को मंत्रिपरिषद से हटाने की कांग्रेस की मांग और तेज हो गई है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया। राहुल गांधी ने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा को हटाने की मांग की है। लोकसभा में दिये नोटिस में राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने की मांग की और कहा कि एसआईटी रिपोर्ट को लेकर सदन में चर्चा होनी चाहिए। लेकिन न अजय मिश्र टेनी को सरकार से बाहर किया गया, न संसद में इस प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

बल्कि हंगामा जरूर हुआ, जिसके चलते सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पलटवार करते हुए कहा है कि लखीमपुर हिंसा पर विपक्ष झूठ फैलाने की कोशिश कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अभी जांच चल रही है ऐसे में संसद के नियम के अनुसार इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की जा सकती है। जबकि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी के नोटिस पर चुटकी लेते कहा कि कम से कम वो इतना सुधर गए हैं कि लिखित नोटिस दे रहे हैं। उन्होंने कहा, लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही है। कम से कम राहुल गांधी इतना तो सुधर गए हैं कि वो लिखित नोटिस दे रहे हैं। पहले तो संसद भी उनके सामने कुछ नहीं था और वो नोटिस नहीं देते थे। कम से कम उन्होंने नोटिस देना तो शुरू कर दिया यह अच्छी बात है। सरकार का बचाव करते ये बयान बतला रहे हैं कि मोदी सरकार को लखीमपुर मामले में चुनावी नुकसान का डर तो है ही, उससे कहीं अधिक डर अब राहुल गांधी के तेवरों से लग रहा है। वैसे भी राहुल गांधी मोदी सरकार को कटघरे में खड़े करने का कोई मौका कहां छोड़ते हैं। जब जवाब न देते बने, तो जनता के सामने साख कम होने का खतरा बढ़ जाता है। इस खतरे से बचने के लिए ही मोदीजी कभी भव्य तरीके से पूजा करते नजर आते हैं, कभी मोर को दाना चुगाते दिखते हैं, कभी गंगाजी में डुबकी लगाते दिखते हैं, कभी सी प्लेन में सवार दिखते हैं। उप्र चुनाव के लिए मोदीजी बार-बार राज्य के दौरे पर आ रहे हैं, आधी-अधूरी योजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। धर्म का कार्ड चल रहे हैं। उप्र से अपना रिश्ता मजबूत करने में मोदीजी लगे हैं और राहुल गांधी बार-बार उनके सामने सच का आईना लेकर खड़े हो जाते हैं। कभी उनसे कोरोना काल में हुई मौतों और सरकार की लापरवाही का हिसाब मांगते हैं, कभी बेरोजगारी को लेकर सवाल उठाते हैं। कभी महंगाई पर घेरते हैं और कभी धर्म का पाठ पढ़ा देते हैं।

खतरनाक साबित होगी आर्थिक गैर-बराबरी

आनंद प्रधान

भारत में जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़ों की चकाचौंध और शोर-शराबे में कई बार कुछ कड़वी सचाइयां छुप जाती हैं या छुपा दी जाती हैं। लेकिन बीते सप्ताह जारी वैश्विक गैर-बराबरी रिपोर्ट ने उन अंधेरे कोनों में छिपी हकीकत को एक बार फिर उजागर कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत पिछले तीन दशकों के आर्थिक सुधारों और जीडीपी की अपेक्षाकृत तेज आर्थिक वृद्धि दर के बावजूद मुट्ठी भर अमीरों के बीच एक गरीब और अत्यधिक गैर-बराबर मुल्क बनता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, देश की कुल राष्ट्रीय आय का 57 फीसदी हिस्सा देश के सर्वाधिक अमीर 10 फीसदी लोगों और उसमें भी 22 फीसदी हिस्सा सुपर अमीरों के हिस्से जा रहा है, जबकि आबादी के निचले पायदान पर बैठे 50 फीसदी भारतीय राष्ट्रीय आय के सिर्फ 13 फीसदी में किसी तरह गुजारा चलाने के लिए मजबूर हैं। देश के 40 फीसदी मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग की भी स्थिति अच्छी नहीं है, जो कुल राष्ट्रीय आय के सिर्फ 30 फीसदी में गुजर-बसर कर रहे हैं। यही नहीं, संपत्ति में हिस्सेदारी की स्थिति और बदतर है, जो आर्थिक गैर-बराबरी को और भी तीखा, गहरा और स्थायी बनाने में बड़ी भूमिका निभाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की कुल संपत्ति में लगभग दो तिहाई यानी 65 फीसदी हिस्से पर देश के शीर्ष 10 फीसदी अमीरों का कब्जा है, जबकि निचले 50 फीसदी भारतीयों के हिस्से में सिर्फ 6 फीसदी संपत्ति आती है। इसमें भी टॉप एक फीसदी सुपर अमीर कुल संपत्ति के 33 फीसदी पर काबिज हैं, जबकि देश की आबादी के 40 फीसदी मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के पास कुल संपत्ति का सिर्फ 30 फीसदी हिस्सा है। नतीजा यह कि भारत में आर्थिक गैर-बराबरी यानी अमीर और गरीब के बीच का अंतर एक ऐसी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया है, जहां उसने ब्रिटिश साम्राज्यवादी दौर की औपनिवेशिक लूट और शोषण से पैदा हुई गैर-बराबरी को भी पीछे छोड़ दिया है।

ब्रिटिश औपनिवेशक शासन (1858-1947) के दौरान देश की कुल राष्ट्रीय आय में टॉप 10 फीसदी अमीरों का हिस्सा लगभग 50 फीसदी था, जो आजादी के 74 वर्षों खासकर इधर के तीन दशकों में तेजी से बढ़कर 57 फीसदी तक पहुंच गया है। लेकिन भारत में तेजी से बढ़ती गैर-बराबरी को समझने के लिए यहां ठहरकर एक और तथ्य पर गौर करना जरूरी है। आजादी के बाद समाजवादी अर्थनीति से प्रभावित पंचवर्षीय योजनाओं के शुरूआती तीन दशकों में जीडीपी की औसतन तीन फीसदी की कथित हिंदू वृद्धि दर के दौर में कुल राष्ट्रीय आय में देश के टॉप 10 फीसदी अमीरों का हिस्सा घटते हुए 1981 में 31 फीसदी रह गया था, जबकि 40 फीसदी मध्य और निम्न मध्यवर्ग का हिस्सा 47 फीसदी तक और निचले 50 फीसदी गरीब लोगों का हिस्सा 23.5 फीसदी तक पहुंच गया था। अस्सी के दशक में जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 5 अरब डॉलर के कर्ज और उसके साथ जुड़ी शर्तों के तहत अर्थव्यवस्था को निजी देशी-विदेशी पूंजी के लिए खोलने वाले आर्थिक सुधारों की शुरूआत हुई तो स्थितियां बदलने लगीं। इसमें दो राय नहीं है कि 1991 में आर्थिक सुधारों के तहत भूमंडलीकरण-उदारीकरण-निजीकरण की नीतियों से आर्थिक वृद्धि दर में तेज उछाल का दौर शुरू हुआ और खूब आर्थिक समृद्धि बरसी। लेकिन इस समृद्धि का बड़ा हिस्सा टॉप 10 फीसदी अमीरों खासकर टॉप एक फीसदी सुपर अमीरों के हिस्से में जाने लगा। गरीब और गरीब होने लगे, मध्यवर्ग की आय भी सिकुड़ने लगी। 1991 में देश की कुल आय में टॉप एक फीसदी सुपर अमीरों का हिस्सा 10 फीसदी और टॉप 10 फीसदी अमीरों का हिस्सा 34 फीसदी था, जबकि नीचे की 50 फीसदी आबादी के हिस्से में 22 फीसदी और 40 फीसदी मध्य और निम्न मध्यवर्ग के हिस्से में 45 फीसदी आय आती थी। लेकिन पिछले तीन दशकों में कुल राष्ट्रीय आय में टॉप एक फीसदी सुपर अमीरों का हिस्सा दोगुने से ज्यादा बढ़कर लगभग 22 फीसदी और टॉप 10 फीसदी का हिस्सा 67 फीसदी बढ़कर 57 फीसदी तक पहुंच गया है।

वहीं, समृद्धि के इन तीन दशकों में सबसे निचले पायदान पर बैठे 50 फीसदी भारतीयों का कुल राष्ट्रीय आय में हिस्सा लगभग तीन गुना (276 फीसदी) घटकर मात्र 5.9 फीसदी रह गया है। वहीं, इन तीन दशकों में आबादी के 40 फीसदी मध्य और निम्न मध्यवर्ग की आय भी 52 फीसदी घटकर मात्र 30 फीसदी रह गई है। साफ है कि आर्थिक सुधारों के समुद्र मंथन से समृद्धि का जो अमृत निकल रहा है, वह शीर्ष पर बैठे 10 फीसदी अमीरों और उसमें भी चोटी पर बैठे एक फीसदी सुपर अमीरों के हिस्से में जा रहा है। इस तीखी और लगातार बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी के कारण एक देश के अंदर दो देश बन रहे हैं।

भारत जैसे विकासशील देश के लिए इसे अनदेखा करने के नतीजे घातक हो सकते हैं या कहिए कि हो रहे हैं। पहली बात तो यह है कि बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी आर्थिक विकास के पहिये को धीमा कर रही है क्योंकि 90 फीसदी आबादी की आय और संपत्ति में अपेक्षित वृद्धि न होने के कारण अर्थव्यवस्था में मांग पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। दूसरे, बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी लोकतंत्र और सामाजिक शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत बड़ा खतरा है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा के अपने आखिरी भाषण में चेताया था कि सामाजिक और आर्थिक रूप असमान समाज में लोकतंत्र नहीं चल सकता। जैसा कि यह रिपोर्ट कहती है कि बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी स्वाभाविक और तीव्र आर्थिक विकास का अनिवार्य नतीजा नहीं बल्कि एक राजनीतिक चुनाव है, जिसे देश चाहे तो पलट भी सकता है। रिपोर्ट आर्थिक गैर-बराबरी को काबू में करने के कई उपायों खासकर टैक्स आय में बढ़ोतरी और उसके वाजिब बंटवारे के विकल्प भी सुझाती है। रिपोर्ट में नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय अर्थशास्त्री अभिजित बैनर्जी जोर देकर कहते हैं कि इससे पहले सारी आर्थिक और राजनीतिक ताकत मुट्ठी भर हाथों में केंद्रित हो जाए और लड़ना मुश्किल हो जाए, बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी की चुनौती से निपटने के लिए खड़े होना जरूरी हो गया है। क्या भारत इस संदेश को सुन रहा है?

क्रिप्टोकरंसी पर सस्पेंस जल्द खत्म करे सरकार

एल बद्री नारायण

क्रिप्टोकरंसी ऐंड रेगुलेशन ऑफ ऑफिशल डिजिटल करंसी बिल 2021, संसद में पेश होने वाला है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि सरकार करने क्या वाली है। अलबत्ता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को ट्विटर एकाउंट हैक हुआ और हैकर ने यह ट्वीट किया कि सरकार ने 500 बिटकॉइन खरीदे हैं और वह उन्हें देशवासियों में बांटने जा रही है। अभी तक क्रिप्टोकरंसी को लेकर यही सुनने में आया है कि सरकार ऐसी सभी प्राइवेट करंसी पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। इससे पहले वर्चुअल करंसी को रेगुलेट करने की सारी कोशिशें नाकाम रहीं, जिनमें 2019 का ड्राफ्ट बिल और 2018 में रिजर्व बैंक का सर्कुलर शामिल है। इस सर्कुलर को 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। सरकारी अधिकारियों ने कहा है कि सिर्फ प्राइवेट क्रिप्टोकरंसीह्न पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, लेकिन इस शब्द का मतलब क्या है, यह नहीं बताया गया है। इंडस्ट्री के जानकारों को लगता है कि सरकार शायद मोनेरो और डैश जैसी करंसी को बैन कर सकती है। यूं तो ये भी पब्लिकह्न ब्लॉकचेन टेक्नलॉजी पर आधारित हैं, लेकिन ट्रांजेक्शन की सूचना छिपाकर ये यूजर्स को एक प्राइवेसी देती हैं। बिटकॉइन और ईथरियम में ऐसा नहीं होता। उनमें किए जाने वाले लेन-देन का पता लगाया जा सकता है। सरकारी अफसरों के बयान का यह भी मतलब हो सकता है कि केंद्र सभी क्रिप्टोकरंसी पर पाबंदी लगाएगा। इस बिल का बेसब्री से इंतजार इसलिए भी हो रहा है क्योंकि इससे ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित प्रॉडक्ट्स को लेकर सरकार के नजरिये का पता चलेगा। इंडस्ट्री के लिए यह जानना भी जरूरी है कि सरकार इस तकनीक पर आधारित प्रॉडक्ट्स को रेगुलेट करने को लेकर क्या सोच रही है। एक सवाल यह भी है कि रिजर्व बैंक ने देशवासियों को हर साल जितना पैसा विदेश ले जाने की इजाजत दे रखी है, क्या उससे क्रिप्टो-एसेट्स खरीदे जा सकते हैं? या इसकी अनुमति नहीं मिलेगी? बिल से इसका जवाब भी मिलेगा कि क्या क्रिप्टो एक्सचेंजों को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कानून के तहत इंटरमीडियरी और ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस माना जाएगा?अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल करंसी पर वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) और गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) के तहत टैक्स लगाने की दिशा में अच्छी पहल हो चुकी है। कई देशों ने शुरूआत में इन मुद्राओं को सर्विस यानी सेवा माना। इसलिए अगर कोई इनसे कोई वस्तु या सेवा खरीदता है तो उसे बार्टर ट्रांजेक्शन (एक चीज देकर दूसरी चीज लेना) माना गया। लेकिन इससे डबल टैक्स (दोहरे कराधान) की समस्या खड़ी हुई। इधर, जहां तक अप्रत्यक्ष कर का सवाल है, डिजिटल करंसी को भी सामान्य मुद्राओं की तरह ही माना जा रहा है। भारत के जीएसटी कानून के दायरे में डिजिटल करंसी को भी लाया जा सकता है। वस्तु या सेवा के रूप में। एक और बात यह है कि किसी वस्तु पर जीएसटी की दर की अधिसूचना कस्टम टैरिफ एक्ट के हिसाब से जारी की जाती है। ऐसे में अगर हम यह मान भी लें कि डिजिटल करंसी वस्तु है तो कानून के अंदर इसे किस वर्ग में रखना है, यह स्पष्ट करना होगा। यही मुश्किल इन्हें सेवा मानने पर भी खड़ी होगी। अब आइए इस पर गौर करते हैं कि क्रिप्टो एक्सचेंजों को ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म माना जा सकता है या नहीं। अगर हां तो इनकम टैक्स कानून के तहत एक्सचेंजों को एफडीआई, टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स (टीडीएस) और टैक्स कलेक्टेड एट सेल्स (टीसीएस) संबंधी नियमों का पालन करना होगा। बिटकॉइन खरीदने पर इनकम फ्रॉम बिजनसह्न वर्ग के तहत टैक्स लगाया जा सकता है या कैपिटल गेन टैक्स की वसूली की जा सकती है। इनमें से कौन सा टैक्स लगेगा, यह क्रिप्टोकरंसी खरीदने या उसे बेचने के कारण के हिसाब से तय किया जा सकता है। उम्मीद है कि क्रिप्टोकरंसी बिल से इनके एक्सचेंजों के रेगुलेशन, नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी) और ब्लॉकचेन तकनीक पर तो तस्वीर साफ होगी ही, यह भी पता चलेगा कि कानून बनने के बाद उस पर अमल के लिए कितना वक्त मिलेगा। बिल में इन मुद्राओं के जीएसटी ट्रीटमेंट को लेकर भी तस्वीर साफ की जानी चाहिए ताकि डबल टैक्स से बचा जा सके।

राजनीतिक पार्टियों के लिए अपनों से पार पाना ही है सबसे बड़ी चुनौती

नदीम

किसी भी राज्य में जब चुनाव हो रहा होता है तो एक आम आदमी के लिए उस राज्य के चुनावी माहौल का अंदाजा लगाने के जो मानक होते हैं, वे यही होते हैं कि किस पार्टी की रैली में कितनी भीड़ जुट रही है, कौन सा मुद्दा किस पर भारी पड़ रहा है और कौन किस दल को अपने साथ जोड़कर जातीय समीकरणों को दुरुस्त कर रहा है? यूपी, पंजाब, उत्तराखंड सहित उन पांच राज्यों में भी आम आदमी के लिए यही मानक बने हुए हैं जहां अगले महीने के आखिर तक चुनावी अधिसूचना जारी होने की संभावना है। लेकिन बात अगर राजनीतिक दलों के नजरिए से की जाए, खासतौर पर बीजेपी और कांग्रेस के तो चुनावी राज्यों में उनकी चुनौती दो स्तरीय हैं। पहली चुनौती जनधारणा को अपने हक में करने की है। जनधारणा के जरिए ही मुकाबले में बने रहा जा सकता है और जनधारणा ही मुकाबले से बाहर भी कर देती है। दूसरी चुनौती इन राज्यों में पार्टी के अंदर चल रही खेमेबाजी से पार पाने की है। यह चुनौती पहली चुनौती से कहीं ज्यादा बड़ी है क्योंकि अगर वे इस चुनौती से पार नहीं पा पाए तो उनका बना-बनाया खेल बिगड़ सकता है। ऐसा भी नहीं कि राजनीतिक दल इससे वाकिफ नहीं हैं। वे हालात से अच्छी तरह बाखबर हैं। यही वजह है कि जनधारणा को अपने पक्ष में करने के लिए पर्दे के सामने जो कुछ चल रहा है, उससे कहीं ज्यादा पर्दे के पीछे हो रहा है, अपनों से मिलने वाली चुनौती से मुकाबिल होने के लिए। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें से एक (पंजाब) को छोड़कर बाकी चार राज्य बीजेपी शासित हैं। इनमें से दो- यूपी और उत्तराखंड में सत्ता वापसी करना बीजेपी की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है और संयोग यह कि इन्हीं दो राज्यों में बीजेपी के सामने आंतरिक चुनौती सबसे ज्यादा है। बात अगर यूपी की हो तो पहली नजर में मोदी और योगी की जोड़ी बहुत ताकतवर और प्रभावशाली दिखती है लेकिन केशव प्रसाद मौर्य फैक्टर को किसी भी कीमत पर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केशव प्रसाद मौर्य 2017 में सीएम पद की रेस में पिछड़ने के बाद हार मानने को तैयार नहीं हैं। अभी तक उनका एक भी बयान ऐसा नहीं आया है, जिसमें उन्होंने यह कहा हो कि योगी ही 2022 में भी सीएम होंगे। उनसे आखिरी बार जब मीडिया ने सवाल पूछा था कि 2022 का चुनाव किसके चेहरे पर लड़ेंगे तो उनका जवाब था- कमल के। मथुरा से लेकर लुंगी और जालीदार गोल टोपी वाले उनके बयान से यह संकेत भी मिलता है कि वह अपनी छवि फायर ब्रांड हिंदू नेताह्न की गढकर पार्टी के अंदर अपनी स्थिति को और मजबूत करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री ने केशव प्रसाद मौर्य को दिल्ली बुलाकर मुलाकात की, उसे स्थितियों को सामान्य बनाने की कोशिश के रूप में ही देखा जा रहा है। केशव प्रसाद की राजनीतिक हैसियत सिर्फ एक डेप्युटी सीएम तक सीमित नहीं है। उनकी अहमियत इसलिए ज्यादा है कि वह अति पिछड़ा वर्ग से आते हैं, जो कि यूपी की पॉलिटिक्स में बहुत निर्णायक माना जाता है।

उधर उत्तराखंड में भी पांच महीने के अंदर मुख्यमंत्रियों के ताबड़तोड़ जो बदलाव हुए, उसने भी राज्य में पार्टी के अंदर कई पाले खींच दिए हैं। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को लेकर तो यहां तक कहा जा रहा है कि वह चुनाव प्रचार अभियान का हिस्सा बनने को तैयार नहीं हैं। 2017 के चुनाव के मौके पर कांग्रेस से नेताओं का जो धड़ा बीजेपी में शिफ्ट हुआ था, उनमें से कई नेता इन दिनों सहज नहीं दिख रहे हैं। दूसरी बात यह कि बीजेपी के कई नेता अभी भी अपने को सीएम पद का दावेदार बनाए हुए हैं। यूपी को छोड़ कर बाकी के चार राज्यों में कांग्रेस मुख्य मुकाबले में है। पंजाब वह राज्य है, जहां वह न केवल सत्ता में है बल्कि छह महीने पहले तक यह बात बहुत यकीन के साथ कही जा रही थी कि वह इस राज्य में सत्ता में वापस आ रही है। हालांकि अब स्थितियां बदल चुकी हैं। जब तक कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाया नहीं गया था, यह माना जा रहा था कि राज्य में कांग्रेस में दो पाले हैं, एक कैप्टन का और दूसरा उनके विरोधियों का लेकिन कैप्टन के हटाने के बाद पार्टी वहां कई पालों में बंट गई है। कांग्रेस ने जिन नवजोत सिंह सिद्धू पर भरोसा करते हुए उन्हें न केवल राज्य कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया बल्कि कैप्टन को मुख्यमंत्री पद से हटाने का जोखिम भी मोल लिया, उन्हीं सिद्धू को लेकर यह यकीनी तौर पर कहना संभव नहीं हो पा रहा कि वह कांग्रेस के साथ रहेंगे या नहीं? बतौर प्रदेश अध्यक्ष सिद्धू ने अपनी ही सरकार के सीएम चन्नी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उधर मनीष तिवारी सिद्धू के भी मुखालिफ हैं और चन्नी के भी। सुनील जाखड़ का अपना अलग पाला है। कांग्रेस की मुश्किल सिर्फ पंजाब तक नहीं है बल्कि उसे उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी आंतरिक संकट से जूझना पड़ रहा है, जहां वह सत्ता में वापसी की उम्मीद किए हुए है। उत्तराखंड में हरीश रावत के खिलाफ कई धड़े बन चुके हैं, जिन्हें सीएम के चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। गोवा में कई बड़े नेता अब तक पार्टी छोड़ चुके हैं लेकिन खेमेबाजी बदस्तूर है। मणिपुर में भी पार्टी की ऐसी ही स्थिति है।

पूर्वोत्तर भारत और महाभारत का सम्बन्ध

डॉ. सुधा कुमारी

भारत का पूर्वोत्तर हिस्सा जो सात राज्यों का समूह है, मुख्य भाग से काफी दूर माना जाता है। आज की तारीख में इस हिस्से में भेजा जानेवाला व्यक्ति थोड़ा असहज महसूस करेगा और इतनी दूर जाने से हिचकेगा। किन्तु यहाँ प्रवास करनेवाले को धीरे धीरे मालूम होता है कि यह भाग प्राचीन भारत से कितना जुड़ा हुआ था।प्राचीन कथाएँ इसका बयान करती हैं। विशेष रूप से महाभारत काल की कई यादें यहाँ से जुड़ी हुई हैं। पांडवों ने इस हिस्से में प्रवास किया था और महाबली भीम ने हिडिम्बा नामक युवती से विवाह किया था। हिडिम्बा आसाम के बोड़ो जनजाति की सुंदर लड़की थी और भीम एक वर्ष तक यहाँ वास कर पुत्र के जन्म के उपरांत वापस चले गए। यह इतिहास का दुखद हिस्सा है। ऊपर से हिडिम्बा और हिडिम्ब को राक्षस जाति का बताकर आर्यावर्त्त ने उस दुखी पत्नी के साथ कोई न्याय नहीं किया। उनका पुत्र घटोत्कच भी महाभारत युद्ध में पिता की ओर से लड़कर वीरगति को प्राप्त हो गया। इस जनजाति में कुछ समुदाय यज्ञ भी करते हैं। वे ब्रह्म में विश्वास करते है और हिडिम्बा देवी को अपने पूर्वज के रूप में पूजते हैं। बोड़ो जनजाति का यह क्षेत्र बांगलादेश से अवैध घुसपैठ के कारण उपद्रव ग्रस्त रहा है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र में तेज बहती पहाड़ी नदियों ने मिट्टी कटाव और साथ में लाए हुए पत्थरों के जमाव के कारण काफी नुकसान पहुँचाया है। बोड़ो जनजाति की भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। इनमें कई लोग साहित्य में अत्यंत प्रतिभाशाली, हस्त शिल्पकार, कलाकार एवं खेल-कूद में अव्वल हैं। इनका क्षेत्र हस्तकला एवं कपड़े की उत्कृष्ट बुनाई के लिए प्रसिद्ध है और यहाँ की वस्त्रकला में सुंदर रंगों का प्रयोग किया जाता है। वैसे तो पूर्वोत्तर के हर राज्य में सूती वस्त्र की हथकरघा निर्मित सुन्दर कलात्मक पोशाकें बनती हैं। मगर आसामी रेशम की हथकरघा निर्मित कलात्मक पोशाकें पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा पूरे भारत में विख्यात हैं। भारत के दूसरे राज्यों में भी आसाम का बना पाट रेशम और एरी रेशम काफी प्रचलित है।

एरी रेशम बनाने की विधि को अहिंसक माना जाता है क्योंकि इसमें रेशम का कीड़ा नहीं मरता। हाँ, यह रेशम थोड़ा मोटा अवश्य होता है। आसाम में तेजपुर का नाम सभी ने सुना होगा। तेजपुर में सैनिक छावनी है। पुराने समय में यहाँ नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एरिया (नेफा) का मुख्यालय रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से आसाम को अपर आसाम (अरुणाचल प्रदेश से आसाम में प्रवेश करने वाला ब्रह्मपुत्र घाटी का पहाड़ी भाग), मिडल आसाम (ब्रह्मपुत्र घाटी का मध्य भाग) और लोअर आसाम (ब्रह्मपुत्र घाटी का आसाम से बांग्लादेश जाने वाला समतल भाग) के रूप में देखा जाता है। ब्रह्मपुत्र अपर आसाम से प्रवेश करता है और लोअर आसाम में धुबरी होते हुए बांगला देश में पदमा नदी बनकर चला जाता है। गुवाहाटी से 2 घंटे की दूरी पर स्थित तेजपुर शोणितपुर जिले का मुख्यालय है और ब्रह्मपुत्र के मध्य भाग पर यानी मध्य आसाम में अवस्थित है। चाय के बगान मध्य आसाम से अपर आसाम तक पाए जाते हैं। तेजपुर से चाय बगान और फैक्ट्रियाँ शुरू हो जाती है।आर्य कथाओं के अनुसार, तेजपुर की जनजाति के राजा बाणकी पुत्री उषा ने स्वप्न में श्रीकृष्ण के पोते अनिरुद्ध को देखा और मोहित हुई। उसकी सहेली चित्रलेखा ने उसके वर्णन करने पर अनिरुद्ध का चित्र बनाया और उसे हरण करके तेजपुर लाई जहाँ अनिरुद्ध ने भी उषा को पसंद किया। पर उनका विवाह आसान नहीं था। यहाँ श्रीकृष्ण की राजा बाण से लड़ाई हुई। इस युद्ध में श्रीशिव ने बाण राजा का साथ दिया। फिर काफी मुश्किल से युद्ध को रोका गया।उसके बाद अनिरुद्ध का विवाह उषा से हुआ। उस खूनी युद्ध की छाया शोणितपुर और तेजपुर के नाम पर पड़ी है। असमिया भाषा में तेजह्न का अर्थ रक्तह्न होता है और संस्कृत में शोणित का अर्थ भी रक्तह्न होता है। उषा और चित्रलेखा की स्मृति दिलाता सुंदर उद्यान तेजपुर में चित्रलेखा पार्क कहलाता है जहाँ ऊँचे ऊँचे तालवृक्षों की कतार है, छोटी- सी झील है और महाभारत कालीन समय का एहसास कराते पुराने चट्टानों के अवशेष हैं।यहाँ से थोड़ी दूर पर तेजपुर में ही अग्निगढ़ नामक एक सुंदर उद्यान है जो एक टीले पर स्थित है। यहाँ सीढ़ियों से ही जाया जा सकता है।यहाँ पर उषा को कैदकर रखा गया था क्योंकि आर्य जाति और जनजाति दोनों ही उषा और अनिरुद्ध के विवाह के विरुद्ध थे।उस स्थिति को दशार्ती हुई मूर्तियाँ हर जगह लगी हुई हैं। आसाम में गुवाहाटी शहर में जहाँ नीलाचल पर्वत पर देवी कामाख्या का निवासहै, वहाँ नरक नामक असुर का पर्वत बताया जाता है।

यहाँ श्री कृष्ण ने उससे युद्ध किया और मार दिया था। कारण यह बताया जाता है कि वह एक असुर था, सोलह हजार कन्याओं को अपहरण कर बंदी बना चुका था और उनसे विवाह करनेवाला था।उन कन्याओं ने मुक्ति के बाद पिता के घर जाने से इन्कार किया क्योंकि कई वर्ष पूर्व अपहरण होने से घर का पता भूल गई थीं और नरकासुर की बंदिनी को पिता के घर सम्मान मिलना सुनिश्चित नहीं था।कृष्ण ने उन सभी कन्याओं से विवाह किया और द्वारका ले गए।आश्चर्य की बात है कि उन सोलह हजार कन्याओं में से किसी के घरवालों ने ढूँढा या नहीं, कृष्ण से विवाह के बाद भी वे कभी अपनी कन्याओं से मिलने आए या नहीं, इसका कुछ भी पता नहीं है।कृष्ण ने अपनी दैवी शक्तियों का प्रयोग किया होता तो वे सभी लड़कियाँ पिता के घर ससम्मान लौट सकती थीं। यह असुर शब्द का प्रयोग ठीक नहीं।राजा बाण, नरक, बोडो जनजाति के राजकुमार हिडिम्ब और हिडिम्बा- यहाँ तक कि दक्षिण भारत के दानवीर राजा बलि को भी इन्हीं शब्दों से संबोधित किया गया है।शायद आर्यों ने अपने सभी विपक्षी समुदायों और शत्रुओं के लिए अनार्य उपाधि के साथ-साथ असुर, दैत्य और राक्षस शब्दों का अनिवार्य रूप से प्रयोग किया था और अपनी लोक कथाओं में आवश्यकता के अनुसार उनके सींग पूँछ भी उगा दिए थे।वर्ना धरती पर डायनासोर जैसे दैत्य तो मनुष्य के जन्म से बहुत पहले ही समाप्त हो चुके थे। कृष्ण और भीम के बाद अर्जुन का जिक्र आता है। अर्जुन शिवजी को प्रसन्न कर पाशुपत अस्त्र पाने के लिये पूर्वोत्तर के जंगलों में तपस्या करने आए थे।शिव ने किरात (भील) के रूप में उनसे युद्ध कर परीक्षा ली और फिर प्रसन्न होकर पाशुपत अस्त्र प्रदान किया।अर्जुन का संबंध मणिपुर से बताया जाता है। वहाँ की राजकुमारी चित्रांगदा से अर्जुन ने विवाह किया था और एक पुत्र को जन्म भी दिया था। पर उसे अपने साथ नहीं ले गए और उनका वह पुत्र मणिपुर में माता के साथ ही रहा। आर्यकथाओं में इससे आगे का उल्लेख नहीं किया गया हैं। किन्तु मणिपुरी नृत्य में और वहाँ के एक समुदाय (मेईटी) की जीवन शैली और नृत्य कला में महाभारत काल और कृष्णभक्ति की छाप स्पष्ट दिखाई देती है।

महाभारत में परशुराम का भी जिक रहुआ है। परशुराम का सम्बन्ध पूर्वी अरुणाचल प्रदेश से है। हिंदी कथाओं के अनुसार परशुराम की माता रेणुका थीं जिनका उल्लेख गन्धर्व राज चित्रग्रीव के सन्दर्भ से किया गया है। परशुराम के पिता जमदग्नि ने पत्नी से क्रोधित होकर स्वयं रेणुका की हत्या न करके अपने बेटे से मातृहत्या का यह जघन्य कृत्य करवाया।

निश्चित रूप से जमदग्नि पितृसत्तात्मक (पुरुष प्रधान) समाज का प्रतीक है और यह घटना पितृसत्ता का ही परिणाम है। सम्पूर्ण घटना पूर्वोत्तर भारत के तपोवन में घटी थी। मातृहत्या का जघन्य पाप करने के कारण परशुराम के हाथ शक्तिहीन हो गए और दुबारा फरसा उठा नहीं पाए। वह फरसा पत्थरों में ही गड़ गया। अपने पाप के बोझ से मुक्ति पाने के लिये परशुराम को पूर्वोत्तर भारत में लोहित नदी के तट(आज अरुणाचल प्रदेश का वर्तमान इलाका) पर प्रवास करना पड़ा।यह स्थान दुर्गम और छुपा हुआ है। कई वर्षों तक वहाँ प्रवास करने और लोहित नदी की शीतल धार में स्नान करने के बाद परशुराम को मातृहत्या के भीषण पाप से मुक्ति मिली। हमारे हिंदी या आर्य कथा- साहित्य में ये लिखा गया है कि परशुराम ने माता की हत्या के बाद पिता से वरदान में माता का जीवन मांग लिया था। मगर परशुराम के पश्चात्ताप का यह जिक्र नहीं किया गया है। शायद नारियों की पूजा करनेवाला पुरुष प्रधान आर्य समाज मातृहत्या को भी पुण्य समझता था! लोहित नदी पापियों को मुक्ति दे या न दे, पर पूर्वी अरुणाचल प्रदेश का यह दुर्गम स्थल है अत्यंत मनोरम। सुंदर पर्वत, हरियाली से भरी ढलान, बड़े बड़े सफेद पत्थरों से भरा तट और ढलान से गिरता बर्फ सा स्वच्छ शुभ्र प्रपात जो नीली धारा बनकर पत्थरों के तट के बीच अविकल, कलकल बहता है।इस स्थल का नाम परशुराम कुंड परशुराम के नाम पर पड़ा है। यहाँ प्रतिवर्ष लोग स्नान करने आते हैं। पूर्वी अरुणाचल प्रदेश में परशुराम कुंड के रास्ते में तथा अन्य जगहों पर नारंगी के कई बगान हैं जिनके बारे में अधिकांश भारतीयों को पता भी नहीं होगा। वहाँ ऑरेंज फेस्टिवलह्न में पारम्परिक पोशाक में सांस्कृतिक आयोजन होते है। आवश्यकता है कि अरुणाचल प्रदेश की इस वन सम्पदा का अच्छी तरह से उपयोग किया जाय।

बीसीसीआई-विराट कोहली विवाद पर बोले आकाश चोपड़ा, इससे भारतीय क्रिकेट की हार हुई है

नई दिल्ली। विराट कोहली से वनडे कप्तानी छीनने के बाद हुए विवाद ने भारतीय क्रिकेट में भूचाल ला दिया है। इस घटनाक्रम ने फैंस और पूर्व क्रिकेटरों को झकझोर कर रख दिया है। विराट कोहली ने बुधवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कप्तानी को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के हाल में दिए गए बयान का खंडन किया। गांगुली ने 9 दिसंबर को कहा था कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विराट कोहली से टी-20 की कप्तानी नहीं छोड़ने का आग्रह किया था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा इस विवाद ने भारतीय क्रिकेट की छवि को खराब किया है। चोपड़ा ने अफवाह फैलाने वालों को भी लताड़ा।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड वीडियो में कहा,' सवाल यह नहीं है कि कौन सच कह रहा है और कौन झूठ, कौन सही है और कौन गलत। सवाल यह है कि ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि यह आपके और मेरे बारे में नहीं है, यह उसके या दूसरे व्यक्ति के बारे में नहीं है, तथ्य यह है कि हारने वाला वास्तव में भारतीय क्रिकेट है।' उन्होंने आगे कहा,'मैं थोड़ा हैरान था। मैं एक लाइन पढ़ रहा था कि सत्य कल्पना से भी अजनबी हो सकता है, ठीक ऐसा ही हुआ है। विराट कोहली ने कहा कि उन्होंने कभी छुट्टी नहीं मांगी, खबर आई थी कि रोहित शर्मा के कप्तान बनने से पहले ही उन्होंने छुट्टी मांगी थी। मेरा मतलब है कि यह एक कम्यूनिकेशन का टूटना है। यह कौन कर रहा है और कोई ऐसा क्यों कर रहा है?'इससे पहले बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने मीडिया को बताया कि कोहली ने बीसीसीआई द्वारा रोहित शर्मा को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला करने से बहुत पहले ब्रेक मांगा था। हालांकि बुधवार को विराट कोहली ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने कभी भी ब्रेक नहीं मांगा और वो दक्षिण अफ्रीका में रोहित की कप्तानी में वनडे मैच खेलेंगे। रोहित शर्मा को 8 दिसबंर को बीसीसीआई ने टीम इंडिया का वनडे कप्तान बनाने का ऐलान किया था। भारतीय टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुई जहां उसे 3 टेस्ट और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। 26 दिसंबर से पहला टेस्ट खेला जाएगा। कोहली टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगे और रोहित शर्मा वनडे टीम की अगुवाई करेंगे। वनडे सीरीज 19 जनवरी से खेली जाएगी।

भारत के पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने विराट कोहली पर साधा निशाना, बोले- प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात का रखना चाहिए था ध्यान

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर और इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य प्रज्ञान ओझा ने विराट कोहली की वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विराट कोहली पर तंज कसते हुए कहा कि एक अच्छा शेफ जानता है कि क्या दिखाना है और क्या नहीं। उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे में जाने से पहले की वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में शब्दों के चयन को लेकर सतेच होना चाहिए था। कोहली ने बुधवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कप्तानी को लेकर कई खुलासे किए। प्रज्ञान ओझा ने ट्वीट कर कहा,'एक अच्छा शेफ जानता है कि क्या दिखाना है और क्या नहीं, जब वह एक स्वादष्टि व्यंजन तैयार करने की कोशिश कर रहा है। इस तरह रसोई और रेस्टोरेंट की प्रतष्ठिा उसी के हाथ में है।'कोहली ने बुधवार को कहा कि उन्हें वनडे कप्तानी से हटाने की जानकारी 8 दिसंबर को मीटिंग के बाद दी गई। इससे पहले उनसे इसे लेकर कोई संवाद नहीं हुआ। उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के इस दावे को भी खारिज किया कि सितंबर में उन्होंने उनसे कप्तानी वापस ना लेने की रिक्वेस्ट की थी। 8 दिसंबर को साउथ अफ्रीका के दौरे के लिए टेस्ट टीम के ऐलान के साथ ही अचानक रोहित शर्मा को वनडे कप्तानी सौंपने का ऐलान बीसीसीआई ने किया था।

विराट ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के हाल में दिए गए बयान का खंडन किया। गांगुली ने 9 दिसंबर को कहा था कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विराट कोहली से टी-20 की कप्तानी नहीं छोड़ने का आग्रह किया था। भारतीय टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुई जहां उसे 3 टेस्ट और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। 26 दिसंबर से पहला टेस्ट खेला जाएगा। कोहली टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगे और रोहित शर्मा वनडे टीम की अगुवाई करेंगे। वनडे सीरीज 19 जनवरी से खेली जाएगी।

पाकिस्तान ने 208 रन का लक्ष्य हासिल करके बनाया नया रिकॉर्ड, बाबर आजम-मोहम्मद रिजवान ने रोहित-राहुल को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 मैच में हराकर टी-20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। पाकिस्तान ने 208 रनों का विशाल लक्ष्य 18.5 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने ये मैच 7 विकेट जीतने के साथ ही टी-20 इंटरनेशनल में अपना सर्वोच्च लक्ष्य हासिल किया। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने टी-20 इंटरनेशनल में छठी बार सौ रनों की साझेदारी की। उन्होंने रोहित शर्मा और केएल राहुल के टी-20 इंटरनेशल में सर्वाधिक शतकीय पार्टनरशिप का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित शर्मा और केएल राहुल ने टी-20 में पांच बार शतकीय साझेदारी की है। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद रिजवान ने 45 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 87 रन बनाए। वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने ने 53 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने नौ चौके और दो छक्के जडे.। इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 158 रन की साझेदारी हुई। इससे पहले इससे पहले वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट खोकर 207 रन बनाए।

वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान निकोलस पूरन ने 37 गेंदों पर दो चौकों और छह छक्कों की मदद से सर्वाधिक 64 रन बनाए। उनके अलावा शमर्थ ब्रूक्स ने 49, ब्रेंडन किंग ने 43 और डेरेन ब्रावो ने नाबाद 34 रन का योगदान दिया। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज को स्थगित कर दिया गया है। पीसीबी और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि गुरुवार को कराची में वेस्टइंडीज के कैंप में 5 लोगों के कोविड पॉजिटिव आने के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज को अगले साल जून तक बढ़ा दिया गया है।

पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने टी-20 में रचा इतिहास

नई दिल्ली। पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में इतिहास रच दिया है। रिजवान टी-20 में एक कैलेंडर वर्ष में 2000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। 208 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछे करते हुए 11 ओवर में चौका लगाकर पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज ने ये वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। रिजवान ने एक कैलेंडर वर्ष में 55 से अधिक की औसत से ये रन बनाए हैं। उन्होंने 45 पारियों में 130 की स्ट्राइक रेट से 2000 रन बनाए हैं। रिजवान ने टी-20 में इस दौरान 18 फिफ्टी जड़ी है। रिजवान ने 2000 रन में से पाकिस्तान के लिए 26 टी-20 इंटरनेशनल पारी में 1293* रन बनाए हैं। इससे पहले अक्टूबर में रिजवान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ळ20 वर्ल्ड कप 2021 सेमीफाइनल के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में 1000 टी-20 इंटरनेशनल रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बने थे।

पाकिस्तान-वेस्टइंडीज के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज हुई स्थगित

मेहमान टीम के कैंप में कोरोना के मामले आने के बाद लिया गया फैसला

नई दिल्ली। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज को स्थगित कर दिया गया है। पीसीबी और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि गुरुवार को कराची में वेस्टइंडीज के कैंप में 5 लोगों के कोविड पॉजिटिव आने के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज को अगले साल जून तक बढ़ा दिया गया है। दोनों टीमों के बीच 18 से 22 दिसंबर तक कराची के नेशनल स्टेडियम में ही तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी थी। वेस्टइंडीज 21 खिलाड़ियों के साथ पाकिस्तान दौरे पर आया था। उसके छह खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य कोरोना पॉजिटिव आए है। इसके अलावा एक खिलाड़ी डेवोन थॉमस पहले टी20 मैच में उंगली में चोट लगने के कारण बाहर है। वेस्टइंडीज के अब 14 खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध हैं। गुरुवार को मेहमान टीम के 5 सदस्यों के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद बाकी बचे 15 खिलाड़ियों और 6 सपोर्टिंग स्टॉफ का रैपिड-एंटीजन टेस्ट किया गया। ये टेस्ट नेगेटिव आया। इसके बाद दोनों देशों के बीच गुरुवार को आखिरी टी-20 मैच खेलने की परमिशन मिली। पाकिस्तान ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज में पहले दो मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाए रखी है।

वेस्टइंडीज बोर्ड ने गुरुवार को पुष्टि की थी कि वनडे कप्तान शाई होप, बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन और आलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स के अलावा सहायक कोच रोडी एस्टविक और टीम के चिकित्सक डा. आकाशी मानसिंह कोरोना पॉजिटिव आए हैं। इससे पहले नौ दिसंबर को काइल मायर्स, शेल्डन कोटरेल और रोस्टन चेज कोरोना पॉजिटिव पाए गये थे।

डेविड वॉर्नर ने बनाया यंग फैन का दिन, गिफ्ट किए ग्लव्स

नई दिल्ली। एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने एक यंग फैन का दिल बना दिया। एडिलेड में खेले जा रहे पिंक बॉल टेस्ट मैच के पहले दिन डेविड वॉर्नर शतक से चूक गए। उन्होंने पहली पारी में 167 गेंदों में 95 रन बनाए। उन्हें 65वें ओवर में बेन स्टोक्स ने आउट किया। आउट होने के बाद वॉर्नर काफी निराश दिखे। शतक से चूकने के बाद जब वो आउट होकर पवेलियन की तरफ जा रहे थे उन्होंने स्टैंड में एक बच्चे को अपने ग्लव्स गिफ्ट किए।

रोहित-विराट विवाद पर सुनील गावस्कर ने मोहम्मद अजहरुद्दीन की लगाई क्लास, बोले- कयासों के आधार पर ना करें कमेंट

नई दिल्ली। विराट कोहली से वनडे कप्तानी वापस लेने के बाद से भारतीय क्रिकेट में सब कुछ सहीं चल रहा है। 8 दिसंबर को साउथ अफ्रीका के दौरे के लिए टेस्ट टीम के ऐलान के साथ ही अचानक रोहित शर्मा को वनडे कप्तानी सौंपने का ऐलान बीसीसीआई ने किया। इसके बाद विराट-रोहित के बीच मनमुटाव की खबरें भी सामने आईं। बुधवार को विराट कोहली ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनसे कप्तानी वापस लेने को लेकर खुलासे किए। इसके एक दिन पहले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने मंगलवार को विराट-रोहित के बीच कथित विवाद को लेकर प्रतिक्रिया दी थी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अजहरुद्दीन से कहा कि अगर उन्हें इस बारे में कोई अंदरुनी जानकारी है तो उन्हें आगे आकर बताना चाहिए।

सुनील गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा,'जब तक दोनों खिलाड़ी सामने आकर अपना पक्ष नहीं रखते हैं तबतक हमें किसी नतीजे तक नहीं पहुंचना चाहिए। हां, अजहर ने कुछ कहा है। अगर उनके पास जो कुछ भी हुआ है उसके संबंध में कोई अंदरूनी जानकारी है तो उन?हें आगे आकर बताना चाहिए। कयासों के आधार पर आ रही जानकारी पर कमेंट नहीं किया जाना चाहिए।

गावस्कर ने कहा कि मैं दोनों खिलाड़ियों(रोहित-विराट) को संदेह का लाभ दूंगा क्योंकि उन्होंने शानदार ढंग से भारतीय क्रिकेट की सेवा की है। मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी के लिए भी उन पर उंगली उठाना सही होगा।' अजहरुद्दीन ने ट्वीट कर लिखा था,'विराट ने जानकारी दी है कि वो वनडे में उपलब?ध नहीं होंगे। रोहित शर्मा टेस?ट सीरीज नहीं खेल रहे हैं। ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है लेकिन ये समय ठीक नहीं है। इसकी टाइमिंग बेहतर होनी चाहिए थी। इन सब चीजों से दोनों के बीच झगड़े की खबरों को बल मिलता है।' हालांकि कल विराट ने साफ कहा कि उनके और रोहित के बीच कोई मतभेद नहीं। मैं पिछले ढ़ाई साल से ये बातें कहते-कहते थक गया हूं।' इसी के साथ उन्होंने कहा कि वो साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज खेलने के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने बीसीसीआई से कोई रेस्ट नहीं मांगा था।

मार्नस लाबुशेन ने रचा इतिहास

ब्रायन लारा, वीरेंद्र सहवाग और विव रिचर्ड्स जैसे दिग्गजों को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से टीम को मुश्किल परिस्थिति से निकाला। एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में मार्नस पहले दिन 95 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। इस पारी के दौरान उन्होंने एक खास मुकाम हासिल कर लिया और ब्रायन लारा, विव रिचर्ड्स, वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ जैसे बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया। टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 2000 रन पूरा करने के मामले में लाबुशेन अब टॉप-5 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। लाबुशेन ने अपने करियर की 34वीं पारी में ऐसा किया। इस मामले में उनसे आगे चार ही बल्लेबाज हैं। सर डॉन ब्रैडमैन ने यह कारनामा 22 पारियों में, जॉर्ज हेडली ने 32 पारियों में, हर्बर्ट सटक्लिफ 33 पारियों में और माइक हस्सी ने 33 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

डग वाल्टर्स और ब्रायन लारा ने यह कारनामा 35-35 पारियों में किया था। भारत की ओर से सबसे तेज 2000 टेस्ट पूरा करने का रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम दर्ज है। द्रविड़ ने 40 पारियों में ऐसा किया था, उनके अलावा वीरेंद्र सहवाग ने भी इतनी ही पारियों में यह आंकड़ा छुआ था। लाबुशेन जबर्दस्त फॉर्म में हैं और उन्होंने अपने करियर की शुरूआत से ही काफी प्रभावित किया है। लाबुशेन अभी तक 20 टेस्ट मैचों की 34 पारियों में 64.18 के औसत से 2054 रन बना चुके हैं। मैच की बात करें तो एडिलेड में खेले जा रहे इस डे-नाइट टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 221 रन बना लिए हैं। लाबुशेन के साथ क्रीज पर कप्तान स्टीव स्मिथ मौजूद हैं, जो 18 रन बनाकर खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला विकेट चार रन पर ही गंवा दिया था। स्टुअर्ट ब्रॉड की गेंद पर मार्कस हैरिस तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद डेविड वॉर्नर और लाबुशेन ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी निभाई। वॉर्नर अनलकी रहे और 95 रन बनाकर बेन स्टोक्स की गेंद पर स्टुअर्ट ब्रॉड को कैच थमा बैठे।

लखनऊ के कोच होंगे एंडी फ्लावर

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में खिताब की जंग आठ की जगह 10 फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होगी। लखनऊ और अहमदाबाद की दो नई फ्रेंचाइजी टीमें मैदान पर उतरेंगी। खबरों की माने तो लखनऊ टीम के कोच जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और स्टार क्रिकेटर रहे एंडी फ्लावर होंगे। एंडी फ्लावर को कोचिंग का भी काफी अनुभव है, जिम्बाब्वे के अलावा वह इंग्लैंड क्रिकेट टीम के भी कोच रह चुके हैं। इसके अलावा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में वह मुल्तान सुल्तान्स और कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में सेंट लुसिया जूक्स के भी कोच हैं। आईपीएल की बात करें तो वह किंग्स कपंजाब (अब पंजाब किंग्स) के असिस्टेंट कोच रह चुके हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के बॉलिंग कोच के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का नाम सामने आ रहा है। आईपीएल 2022 के लिए पुरानी आठ फ्रेंचाइजी टीमें अपने रिटेन्ड खिलाड़ियों के नाम जारी कर चुकी हैं।

मैदान पर उतरते ही स्पेशल क्लब में शामिल हुए स्टुअर्ट ब्रॉड, ऐसा करने वाले केवल तीसरे क्रिकेटर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज 2021-22 का दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड के ओवल मैदान पर आज यानि के गुरुवार से शुरू हो गया है। एडिलेड के ओवल मैदान पर खेले गए जा इस मुकाबले के लिए मैदान पर उतरते ही इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। ब्रॉड ने अपने देश के लिए एक ऐसा मुकाम हासिल किया है, जो उनसे पहले उनके देश के सिर्फ दो खिलाड़ी ही ऐसा कर पाए हैं।

एशेज सीरीज का दूसरा टेस्ट ब्रॉड का इंग्लैंड के लिए 150वां टेस्ट मैच है और वह ऐसा करने वोल इंग्लैंड के सिर्फ तीसरे क्रिकेटर हैं। ब्रॉड से पहले जेम्स एंडरसन और एलेस्टेयर कुक ही ऐसे खिलाड़ी हैं,? जिन्होंने इंग्लैंड के लिए 150 या उससे ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं। ब्रॉड से पहले एंडरसन 167 और कुक 161 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। ब्रॉड के बाद एलेक स्टीवर्ट ने 133, इयान बेल ने 118 और ग्राहम गूच ने ही 118 टेस्ट मैच खेले हैं। कुक इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी थे जिसने 150 टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने 161 मैचों में 12472 रन बनाए हैं, जिसमें 33 शतक शामिल है। ब्रॉड और एंडरसन को पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था।

इन्डियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने मन्त्री का फूका पुतला

अखंड भारत संदेश

मैनपुरी। शहर के ईशन नदी तिराहे पर केन्द्रीय ग्रह राज्य मन्त्री अजय मिश्र टेनी का पत्रकारो ने पुतला फूका। ओर बताते चले कि लखीमपुर खीरी मे एक पत्रकार ने राज्य मन्त्री अजय मिश्र टेनी से प्रश्न पूछने से पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार एव अभद्रता की ओर धमकी दी ओर पूरे प्रदेश मे पत्रकारो मे भारी रोष दिखाई दिया। ओर केन्द्रीय मन्त्री अजय मिश्र टेनी के विरोध मे ईशन नदी तिराहे पर पुतला फूका ओर बर्खास्ती की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया है।

फ्री राशनः योगी सरकार का रिकॉर्ड

मुफ्त अनाज बांटने में डबल डोज देने वाला पहला राज्य बना यूपी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश 15 करोड़ से अधिक राशन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की डबल डोज देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। देश में अबतक का यह सबसे बड़ा मुफ्त राशन वितरण अभियान है। इस योजना का सीधा लाभ अंत्योदय और पात्र घरेलू राशन कार्ड धारकों मिलेगा। यह योजना गरीब, मजदूर और किसानों के लिए बड़ा सहारा है। कोराना महामारी के दौर में गरीब, मजदूर और किसानों की मदद के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की शुरूआत की गई थी। इसके तहत उत्तर प्रदेश सहित देश भर में पात्र गरीबों, जरूरतमंदों मुफ्त अन्न वितरित किया जा रहा

है। पहले यह योजना नवंबर तक ही थी, जिसे हाल ही में बढ़ाकर अगले साल मार्च तक कर दिया गया है। वहीं सीएम योगी ने 3 नवंबर को अयोध्या में राज्य सरकार की ओर से होली तक मुफ्त राशन वितरण की घोषणा की थी। अब उत्तर प्रदेश के पात्र कार्ड धारकों को हर महीने 10 किलो राशन मुफ्त दिया जा रहा है। योजना के तहत अंत्योदय राशन कार्डधारकों और पात्र परिवारों को दोगुना राशन वितरित किया जाना है। अंत्योदय अन्न योजना के तहत लगभग 1,30,07,969 इकाइयां और पात्र घरेलू कार्डधारकों की 13,41,77,983 इकाइयां प्रदेश में हैं।

इतना ही नहीं यूपी सरकार राशन कार्ड धारकों को महीने में दो बार गेहूं और चावल मुफ्त दे रही है। राशन दुकानों से दाल, खाद्य तेल और नमक भी मुफ्त दिया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने कोरोना काल में भी गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद की। 80 हजार कोटेदारों के माध्यम से राशन वितरण अभियान को हर गरीब तक पहुंचाने का बड़ा काम किया है।

राहुल गांधी की रैली में जनरल रावत का कटआउट, कांग्रेस-बीजेपी में छिड़ी नई जंग

नई दिल्ली। हाल ही में हेलिकॉप्टर हादसे में जान गंवाने वाले देश के पहले चीफ ऑफ डफेंस स्टाफ (सीडीएस) को लेकर अब बीजेपी और कांग्रेस में नई जंग छिड़ गई है। देहरादून में गुरुवार को राहुल गांधी की विजय सम्मान रैली में जनरल रावत का कटआउट दिखने के बाद बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। राहुल गांधी और इंदिरा गांधी के साथ लगे रावत के कटआउट पर आपत्ति जाहिर करते हुए बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस राज्य में चुनाव से पहले सीडीएस को राजनीतिक टूल बनाना चाहती है। वहीं, कांग्रेस ने कहा है किक राहुल गांधी की यह रैली राजनीतिक नहीं थी, बल्कि 1971 युद्ध में भारत की जीत के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए इसका आयोजन किया गया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही यह बड़ी बात

शहीदों के नाम पर होगी कैंटोमेंट जोन की सड़कों और इमारतों के नाम?

नई दिल्ली। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (उऊ) जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद दिल्ली के अकबर रोड का नाम बदलकर उनके नाम पर रखने की मांग हो रही है। इस बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी एक बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कैंटोमेंट जोन की सड़कों और भवनों के नाम को बदलकर बहादुर सैनिकों और आधुनिक भारत के निमार्ताओं के नाम पर रखने पर जोर दिया है। दिल्ली में रक्षा संपदा दिवस पर एक कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह केंद्रीय रक्षा मंत्री ने गुरुवार को कहा कि कैंटोमेंट क्षेत्रों में अभी कई ऐसी सड़कें और इमारतें हैं जिनका नाम ब्रिटिश क्राउन के प्रति वफादार ब्रिटिश अधिकारियों और सैनिकों के नाम पर रखा गया था। उन्होंने आगे कहा कि रक्षा मंत्रालय और उऊ को हमारे



बहादुर सैनिकों और आधुनिक भारत के निमार्ताओं के नाम पर उनका नाम बदलने पर विचार करना चाहिए।

इसके अलावा राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा संकल्प होना चाहिए कि उऊ के पद के सृजन, डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स की स्थापना व इस तरह के अन्य ?रिफॉर्म के साथ हमारी सरकार ने सशस्त्र बलों को सुदृढ़ और सशक्त बनाने का जो सिलसिला शुरू किया था उसमें पूरा योगदान दें। बता दें कि तमिनलाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर हादसे में देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद दिल्ली के अकबर रोड का नाम बदलकर उनके नाम पर रखने की मांग की जा रही है। इसके लिए दिल्ली नगर निगम परिषद के एक सदस्य गिरीश सचदेवा ने काउंसिल की बैठक के लिए यह प्रस्ताव भी भेज दिया है।

मध्य प्रदेश में अब दंगे या आंदोलन में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर वसूली होगी

भोपाल। उत्तर प्रदेश की तरह मध्य प्रदेश में भी अब आंदोलन, बंद, धरना, प्रदर्शन या दंगों के दौरान किसी सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो उसकी वसूली की जाएगी। इसके लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा जो नुकसान की वसूली के आदेश पारित करेगा। शिवराज कैबिनेट के फैसलों को सरकार के प्रवक्ता और गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया को बताया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों से निपटने के लिए मध्य प्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति को नुकसान का एवं नुकसानी वसूली विधेयक 2021 लाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा गुरुग्राम नमाज विवाद, हरियाणा के टॉप अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के गुरुग्राम में नमाज अदा को लेकर चल रह विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पूर्व राज्यसभा सांसद मोहम्मद अदीब ने हरियाणा सरकार के टॉप अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना की याचिका दायर किया है। अपनी याचिका में अदीब ने आरोप लगाया है कि हरियाणा पुलिस और नागरिक प्रशासन उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहा है, जिन्होंने गुरुग्राम में मुसलमानों को सार्वजनिक जगह पर नमाज अदा करने से रोका था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अदीब ने इस मामले में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पीके अग्रवाल और मुख्य सचिव संजीव कौशल के खिलाफ अवमानना ??कार्रवाई की मांग की। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व सदस्य अदीब ने आरोप लगाया

कि पुलिस और प्रशासन ने नमाज विवाद को लेकर अभद्र भाषा के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि प्रशासन उन लोगों की पहचान करने में भी असफल रही है कि जो गुरुग्राम में नमाज को बार-बार रोककर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। हिंदू समूहों और स्थानीय निवासियों ने एक आवासीय परिसर के पास खुले मैदान में नमाज अदा करने पर आपत्ति जताई थी। वहीं, खुले मैदान में नमाज अदा करने वाले ने दावा किया कि हर सप्ताह होने वाली नमाज के लिए एक चिन्हित स्थान है। वहीं, स्थानीय हिंदू ग्रुप और निवासी इसका विरोध कर रहे हैं। वहीं, अदीब ने अपनी याचिका में कहा कि शुक्रवार की नमाज को खुले में रखने की अनुमति जगह और सुविधाओं की कमी के कारण दी गई थी। याचिका में कहा गया है कि 3 दिसंबर को जब हिंदू समूहों ने शुक्रवार की नमाज का विरोध किया तो उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद घटनाएं और बढ़ गईं और समूहों की ओर से नारेबाजी भी की गई थी। याचिका में कहा गया है कि स्थानीय प्रशासन की इस तरह की घटना को रोकने में असफल रहा है।

मरा हुआ मानकर जिसकी 12 साल पहले कर दी अंत्येष्टि, वह पाकिस्तान की जेल में मिला

चौसा (बक्सर)। बिहार में बक्सर के चौसा से 12 साल पहले गायब जिस युवक को मृत मान परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था, वह पाकिस्तान की जेल में बंद है। नगर पंचायत के खिलाफतपुर निवासी 20 वर्षीय छवि मुसहर के पाकिस्तान में जिंदा होने की खबर मिलते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि विदेश विभाग से एक पत्र पिछले दिनों एसपी कार्यालय को मिला था। बताया गया था कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खिलाफतपुर गांव का छवि मुसहर कई सालों से पाकिस्तान की जेल में बंद है। उसने वहां अपना पता बिहार के बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के खिलाफतपुर गांव बताया है। लगभग 32-33 वर्षीय छवि के बारे

में बताया गया कि वह बारह साल पहले अचानक घर से गायब हो गया था। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चलने पर परिजनों ने उसे मृत मान लिया था। अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। लापता होने से पूर्व छवि की शादी हो गई थी। उसका एक बच्चा भी था।

थानाध्यक्ष ने बताया कि छवि मुसहर के खिलाफतपुर के गांव निवासी के रूप में परिजनों ने पहचान कर ली है। एक फोटो भी पुलिस को दिया है। इसकी जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। छवि मुसहर के भाई और मां के चेहरे पर खोई हुई रौनक लौट आई है। दोनों ने कहा ... काश! यह खबर बिल्कुल सच हो और छवि वापस लौट आए।

एसपी नीरज कुमार सिंह के अनुसार विदेश मंत्रालय से युवक के सत्यापन को लेकर पत्र आया है। जांच-पड़ताल कर रिपोर्ट देने के लिए थानेदार को पत्र भेजा गया है। वहां से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मंत्रालय को भेजा जाएगा। मां वृति देवी ने बताया कि- मैंने बेटे की जिंदा रहने की आस ही छोड़ दी थीं। लेकिन, बेटा पाकिस्तान में बताया गया है। कब आएगा ये नहीं बताया। सारी बातें कहते हुए मां की ममता छलक उठी और वह फफक कर रोने लगीं।

इतने सारे ओमिक्रॉन तो हमारे सामने हैं... राज्यसभा में हंगामे पर भाजपा नेता ने कसा विपक्षी सांसदों पर तंज

नई दिल्ली। ओमिक्रॉन को लेकर दुनिया भर में दहशत का माहौल है, लेकिन देश की संसद में इसके नाम पर ठहाके लगते दिखे। बुधवार को राज्यसभा में ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे और उससे निपटने के लिए सरकार के उपायों को लेकर संक्षिप्त चर्चा चल रही थी। इस दौरान विपक्ष का हंगामा लगातार जारी रहा तो बोलने के लिए खड़े हुए भाजपा के सांसद शिवप्रताप शुक्ला ने उन्हें ही ओमिक्रॉन वैरिएंट बता दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी यहां ओमिक्रॉन पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन हमारे सामने ही ओमिक्रॉन खड़ा है। संसद के लिए इससे बड़ा कोई ओमिक्रॉन नहीं हो सकता है। देश के आगे इन ओमिक्रॉनों से खतरा बढ़ गया है।

शिवप्रताप शुक्ल ने कहा कि पूरा विश्व इससे परेशान हो गया था। भारत में दो वैक्सीन डिवेलप की गईं और यहां ज्यादातर लोगों को वैक्सीन करा दिया गया। लेकिन कुछ लोग कहते थे कि यह तो मोदी की वैक्सीन है और भाजपा की वैक्सीन है। लेकिन ऐसा कहने वाले लोगों ने भी अपनी जान बचाने के लिए वही वैक्सीन लगवाई। भाजपा के सांसदों ने भी बुधवार को संसद के बाहर प्रदर्शन किया। इन सांसदों में शिव प्रताप शुक्ल भी शामिल थे। इन सांसदों के हाथों में तख्तियां थीं, जिनमें लिखा था, लोकतंत्र या गुंडागर्दी। दरअसल उच्च सदन में मॉनसून सेशन के दौरान उपद्रव करने वाले 12 सांसदों के निलंबन को लेकर शुरूआत से ही हंगामे का दौर जारी है। इसी मुद्दे पर गुरुवार को भी सांसद हंगामा कर रहे थे। इस पर सत्ता पक्ष के सांसद शिवप्रताप शुक्ल ने उन्हें ही ओमिक्रॉन वैरिएंट करार दिया। शिव प्रताप शुक्ल ने अध्यक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप भी तमाम प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इन ओमिक्रॉनों को रोक पाना मुश्किल हो रहा है। इस पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों के सांसद ठहाके लगाने लगे। गौरतलब है कि देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले तेजी से मिल रहे हैं।

दुनिया के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं चन्नी, जो बाथरूम में भी लोगों से मिलते हैं, अरविंद केजरीवाल का तंज

चंडीगढ़। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पंजाब में इन दिनों आक्रामक चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हैं। बुधवार को जालंधर में तिरंगा यात्रा निकालने वाले अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को सीएम चरणजीत सिंह चन्नी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि चन्नी दुनिया के इतिहास में ऐसे पहले सीएम होंगे, जो बाथरूम में भी लोगों मिलते हैं। उन्होंने कहा, मैं टीवी में चन्नी साहब का इंटरव्यू सुन रहा था, इंटरव्यू में कहते हैं कि मैं 24 घंटे जनता से मिलता रहता हूं। मेरे ड्राइंग रूम, बरांदे में लोग बैठे रहते हैं, बाथरूम में जाता हूं वहां मेरे साथ लोग आते हैं और मैं वहां भी लोगों से मिलता रहता हूं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दुनिया के इतिहास में ऐसा पहला उट

होगा जो बाथरूम में भी लोगों से मिलता रहता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, सीएम चन्नी कहते हैं मैं तो 24 घंटे लोगों से मिलता रहता हूं। मैं तो 24 घंटे लोगों से मिलता रहता हूं। मैं ड्राइंग रूम में जाता हूं तो वहां लोग मिलते हैं। बरामदे में भी लोग बैठे रहते हैं और बाथरूम में जाता हूं तो वहां भी लोग मेरे साथ आते हैं और वहां भी लोगों से मिलता रहता हूं। यही नहीं टीवी वाले ने उनसे पूछा कि एनआरआई का क्या हाल है तो उन्होंने कहा कि बहुत अच्छी स्थिति है। मैं तो खुद ही एनआरआई हूं। पहले गांव में रहता था और अब मैं शहर आ गया हूं।

ब्राह्मण समाज को लेकर यूपी कानून मंत्री ने कही बड़ी बात

लखनऊ। यूपी सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी से ब्राह्मणों संबंधी धारणा को खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि समाजवादी पार्टी के शासन में जितना ब्राह्मणों का उत्पीड़न हुआ आज तक किसी सरकार में नहीं हुआ। अगले कुछ माह में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए भाजपा ने प्रमुख ब्राह्मण चेहरे के तौर पर ब्रजेश पाठक को आगे किया है और वह लगातार सक्रिय हैं। पाठक ने बुधवार को बताया, भाजपा से ब्राह्मणों की नाराजगी के सवाल पर कहा केवल कुछ लोग जो सत्ता में आने के लिए व्याकुल हैं। वही इस तरह की गलतफहमी पैदा कर रहे हैं, जबकि हमारी सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है और ब्राह्मण समाज पूरी तरह भाजपा के साथ है।

उन्होंने कहा कहीं भी कोई घटना हुई तो हमने खुलेआम जाकर ब्राह्मण समाज के समर्थन में काम किया है। यह पूरा प्रदेश जानता है, जबकि समाजवादी पार्टी के शासन में ब्राह्मण समाज का जितना उत्पीड़न हुआ आज तक किसी सरकार में नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी की सरकार का मूल तत्व ही ब्राह्मण विरोध रहा है। अभी हाल में बाहुबली समझे जाने वाले पूर्व मंत्री पंडित हरिशंकर तिवारी के दोनों पुत्र बसपा के चिल्लूपार (गोरखपुर) के विधायक विनय शंकर तिवारी व संतकबीरनगर के पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी और भांजे पूर्व विधान परिषद सभापति गणेश शंकर पांडेय समाजवादी पार्टी में शामिल हुए और विनय शंकर तिवारी ने राज्य सरकार पर गोरखपुर, रायबरेली के ऊंचाहार और कानपुर समेत कई जिलों में ब्राह्मणों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। पूर्वी यूपी में तिवारी परिवार का पिछले कई दशकों से प्रभाव है।

तालिबान के लिए बैटिंग कर रहे इमरान खान, कहा- अफगानिस्तान को अलग-थलग करना नुकसानदेह

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पीएम इमरान खान लगातार तालिबान के लिए बैटिंग करते नजर आ रहे हैं। अब उन्होंने दुनिया को चेतावनी देते हुए कहा है कि अफगानिस्तान को अलग-थलग करना दुनिया के लिए नुकसानदेह होगा। अफगानिस्तान को लेकर पाकिस्तान में एक बैठक में उन्होंने यह बात कही है। इस

बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, सूचना मंत्री फवाद चौधरी, गृह मंत्री शेख राशिद, थल सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ आदि शामिल थे। बैठक में इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान के कमजोर लोगों को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान मानवीय संकट को टालने के लिए हर संभव तरीके से अफगान लोगों का समर्थन करेगा। इमरान खान ने यह अपील तब की है जब तालिबान अफगानिस्तान में बेहद खराब मानवीय संकट का सामना कर रहा है और ग्लोबल पहचान हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश में जुटा हुआ है। इमरान खान ने कहा है कि पाकिस्तान मानवीय संकट को टालने के लिए हर संभव तरीके से अफगान लोगों का समर्थन करेगा। इमरान खान ने कहा है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान को 5 अरब रुपये की मानवीय सहायता की तत्काल राहत के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा है कि अफगानिस्तान में मदद करने के लिए पाकिस्तान से काम करने के इच्छुक मानवीय संगठनों को हर सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि इस्लामाबाद पहले ही काबुल को मानवीय सहायता के लिए सेतु बनने को तैयार है।

अखंड भारत संदेश के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506

ब्रिटेन में एक्स जेंडर वाला पासपोर्ट खारिज

नई दिल्ली। ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट ने एक्स लिंग वाले पासपोर्ट को खारिज कर दिया है. खुद को नर या मादा दोनों ही नहीं मानने वाले लोगों के लिए यह पासपोर्ट की देशों में जारी हो चुका है.क्रिस्टी ऐलान-केन 1995 से पासपोर्ट हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं. लेकिन वह नहीं चाहते कि उनके पासपोस्ट पर एम (मेल) या एफ (फीमेल) लिखा जाए. वह चाहते हैं कि उन्हें एक्स लिखा पासपोर्ट जारी हो. अक्टूबर में जब अमेरिका ने एक्स लिंग वाला पासपोर्ट जारी किया तो क्रिस्टी को लगा कि उनका सपना पूरा होने वाला है. लेकिन ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट ने क्रिस्टी की सारी उम्मीदें तोड़ दी हैं। यूके के सुप्रीम कोर्ट ने एक्स लिंग वाला पासपोर्ट खारिज कर दिया है. युनाइटेड किंग्डम के सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून व्यवस्था नर-मादा विभाजन के आधार पर बनी है और एक्स लिंग वाला पासपोर्ट इस व्यवस्था को कमजोर करेगा. आहत हैं कार्यकर्ता इस पासपोर्ट के पक्ष में अभियान चला रहे लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अमानवीकरण और अपमानजनक बताया है।

चीन की वुहान लैब से लीक होकर ही कोरोना फैला, वैज्ञानिक ने संसदीय समिति को बताई संभावित वजह

नई दिल्ली। ...तो चीन के वुहान लैब से ही कोरोना वायरस की उत्पति हुई है। एक वैज्ञानिक ने इस संबंध में चौंकाने वाला दावा किया है। कहा गया है कि यह वायरस चीन में ही कोविड-19 आनुवांशिकी तौर पर बनाया गया था। कनाडा की एक आणविक जीवविज्ञानी ने बुधवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित हाउस ऑफ कॉमन्स समिति में शामिल विभिन्न दलों के सांसदों से कहा कि चीन के वुहान क्षेत्र की एक प्रयोगशाला से रिसाव ही कोविड-19 वैश्विक महामारी की उत्पत्ति की 'अत्यधिक संभावित' वजह है। जीन थेरेपी और सेल इंजीनियरिंग की विशेषज्ञ और 'वायरलः द सर्च फॉर द ओरिजिन ऑफ कोविड-19' की सह-लेखिका डॉ. अलीना चान ने वैज्ञानिक अनुसंधान पर संसद की समिति के साक्ष्य सत्र में बताया कि कोरोना वायरस की 'फ्यूरिन क्लीवेज साइट' नामक असामान्य विशेषता के कारण महामारी हुई थी, जिसे वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी से जोड़ा गया है। महामारी की उत्पत्ति के पीछे प्रयोगशाला रिसाव की संभावना के बारे में समिति द्वारा पूछे जाने पर, चान ने कहा कि 'इस बिंदु पर (महामारी की) प्राकृतिक उत्पत्ति की तुलना में प्रयोगशाला से उत्पत्ति अधिक होने की संभावना है।' उन्होंने कहा, 'हम सभी सहमत हैं कि हुआन सीफूड मार्केट में एक महत्वपूर्ण घटना हुई थी, जो मनुष्यों के कारण होने वाली प्रसार की सबसे बड़ी घटना थी।

उस बाजार में जानवर के कारण वायरस की प्राकृतिक उत्पत्ति की ओर इशारा करने वाला कोई सबूत नहीं है। 'द लैंसेट' मेडिकल जर्नल के प्रधान संपादक रिचर्ड हॉर्टन ने भी सहमति व्यक्त की कि कोविड-19 के पीछे प्रयोगशाला रिसाव सिद्धांत एक "परिकल्पना है, जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है और इसकी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा संदर्भित मामलों के परिप्रेक्ष्य में आगे जांच की आवश्यकता है।

ओमिक्रॉन, डेल्टा के मुकाबले 70 गुना ज्यादा तेजी से करता है संक्रमित, गंभीर रोग बनने की संभावना कम, रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली। एक अध्ययन में दावा किया गया है कि कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन में 70 गुना ज्यादा तेजी से संक्रमित करने की क्षमता है। इसी अध्ययन में यह भी कहा गया है कि ओमिक्रॉन वेरिएंट ज्यादा गंभीर रोग नहीं बन पाएगा। स्टडी के मुताबिक ओमिक्रॉन, डेल्टा और कोविड-19 के वास्तविक स्ट्रेन से ज्यादा प्रभावी तरीके से संक्रमित कर सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ हॉन्गकॉन्ग के शोधकताओं ने पाया है कि ओमिक्रॉन इंसान के श्वास को क्षमता को डेल्टा वेरिएंट और इसके वास्तिवक 2 रूप से 70 गुना ज्यादा तेजी से संक्रमित कर सकता है। इससे यह पता चला है कि आखिर यह कोरोना के पूर्व में मिले अन्य वेरिएंट से ज्यादा तेजी से ट्रांसमिट क्यों हो रहा है। बता दें कि ह्यूमन के जरिए हवा शरीर के निचले हिस्सों में जाती है और फिर यह फेफड़ों तक पहुंचती है। स्टडी में यह भी पता चला है कि कोरोना के वास्तविक रूप की तुलना में ओमिक्रोन संक्रमण फेफड़ों को कम संक्रमित करता है।